www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | आंचलिक 4 | अभिव्यक्ति 7 | कारोबार/खेल

RNI NO - MPHIN/2020 /81503 जबलपुर, सोमवार 18 मई 2026 , शुक्ल पक्ष 02 , विक्रम संवत -2083 वर्ष -5 अंक - 288 पृष्ठ -08 मूल्य-4 रूपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

जल संरक्षण की मिसाल बना जबलपुर

श्रमदान और जनजागरूकता से पुनर्जीवित हो रहे तालाब और नदियां

जबलपुर । नवप्रदेश

प्रदेशभर में संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जबलपुर जिले में जल संरक्षण को लेकर जनभागीदारी का अभूतपूर्व उदाहरण सामने आ रहा है।

एक ओर जनपद पंचायत सिहोरा के गोसलपुर स्थित ऐतिहासिक रामसागर तालाब का श्रमदान के माध्यम से कायाकल्प किया गया, वहीं दूसरी ओर मां हिरन नदी जल संवर्धन यात्रा के जरिए ग्रामीणों को जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दोनों पहलें यह साबित कर रही हैं कि सामूहिक प्रयासों से जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर भविष्य सुरक्षित बनाया जा सकता है।

आस्था के प्रतीक रामसागर तालाब का हुआ पुनर्जन्म

गोसलपुर गांव का प्राचीन एवं धार्मिक महत्व वाला रामसागर तालाब वर्षों से उपेक्षा का शिकार था। गांव की गंदगी, नालियों का दूषित पानी, प्लास्टिक कचरा

तथा पूजन सामग्री लगातार तालाब में पहुंचने से इसका पानी सड़ चुका था और दुर्गंध फैलने लगी थी। स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि तालाब अपनी पहचान खोता जा रहा था।

सामूहिक प्रयासों का परिणाम यह रहा कि अब तालाब का पानी फिर से स्वच्छ और चमकदार दिखाई देने लगा है। जलीय जीव-जंतु और मछलियां भी स्वच्छ वातावरण में विचरण कर रही हैं। कई वर्षों बाद ग्रामीण तालाब में स्नान करते नजर आ रहे हैं। तालाब की सुंदरता लौटने से ग्रामीणों में आत्मगौरव और संतोष की भावना भी दिखाई दे रही है।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जी.डी. रायपुरिया ने कहा कि गोसलपुर की यह पहल समाज की सामूहिक शक्ति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह केवल तालाब की सफाई नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश है।

मां हिरन नदी जल संवर्धन यात्रा से जागरूक हो रहे ग्रामीण

इसी अभियान के तहत मां हिरन नदी जल संवर्धन यात्रा भी निरंतर आगे बढ़ रही है। विकासखंड शहपुरा के ग्राम पथरिया (भैरोघाट) में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यहां ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मां हिरन नदी का विधिवत पूजन-अर्चन कर जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आयोजित सभा में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूमिगत जल सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की। पूर्व जनपद अध्यक्ष ने नदी तट पर स्थित ऐतिहासिक बट वृक्ष की जड़ों के कटाव को रोकने के लिए जनसहयोग से कार्य करने की घोषणा की।

आज बेबाक

बकरे की अम्मा आखिर कब तक खैर मनाती? ईरान - अमेरिका के बीच जंग का असर आखिरकार भारत पर भी पड़ ही गया। रसोई गैस की किल्लत के बाद अब पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ गए। जाहिर है इसकी वजह से महंगाई और परवान चढ़ेगी जो आम आदमी का जीना मुहाल करेगी। अब फिर घर-घर यह गाना गुनगुनाया जाएगा कि - सखी सैंया तो खूब ही कमात हैं, महंगाई डायन खाए जाते है...। इस बढ़ौतरी पर हाय तौबा मचाने वालों पर सटीक बेठता है ये शेर - इब्तिदा -ए - इश्क़ है रोता है क्या, आगे आगे देख होता है क्या।

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
44°	27°

बाजार भाव

गोल्ड	सिल्वर
1,51,140	2,54,798

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
77,328.19	24,176.15

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,291,743,121	1,474,975,253

कान्हा टाइगर रिजर्व में खास तकनीक का इस्तेमाल

मध्य प्रदेश में 22 से 24 मई तक होगी गिद्धों की ग्रीष्मकालीन गिनती

जबलपुर/मंडला। नवप्रदेश

मध्य प्रदेश में 22 से 24 मई तक गिद्धों की ग्रीष्मकालीन गिनती किया जाना है. यह गणना वन विभाग द्वारा की जा रही है. इसका उद्देश्य गिद्धों की संख्या का पता लगाना और उनकी स्थिति का आकलन करना है. प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं.

मध्य प्रदेश में सफाईकर्मियों की गणना

वन क्षेत्र में गिद्धों की उपस्थिति महत्पूर्ण होती है. जंगलों में मृत जानवरों की साफ सफाई में उनकी भूमिका अहम होती है. गिद्ध पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखता है. कान्हा टाइगर रिजर्व के एसडीओ आशीष पांडे ने गिद्ध गणना की जानकारी देते हुए कहा, प्रदेश के सभी वन मंडलों में गिद्धों की गणना की जाएगी. पर्यावरण की दृष्टि से देखा जाए तो गिद्ध बहुत ही महत्वपूर्ण पक्षी है.

पर्यावरण के लिए जरूरी है गिद्ध

एसडीओ आशीष पांडे ने आगे कहा, अगर गिद्ध नहीं होंगे तो जंगलों में मृत पशुओं का अंबार लग जाएगा. गिद्ध जंगल में मृत जीव जंतु और हमारे आसपास में भी मृत पशुओं की सफाई करने का कार्य करते हैं. इसलिए गिद्धों की संख्या और उनका स्टेटस क्या है? इसको जानने के लिए गिद्ध गणना की जा रही है. इसके पहले इसी साल फरवरी माह में गिद्धों की गणना की गई थी. एक बार फिर 22 से 24 मई तक प्रदेश व्यापी गणना कराई जाएगी.

खास तकनीक का होगा इस्तेमाल

गिद्धों की यह गणना कान्हा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया के साथ बफर वनमंडल में की जाएगी. इसके अलावा अभयारण्य में आने वाले सभी 13 वन परिक्षेत्रों में की जाएगी. सर्वे में वनकर्मी गरूण डिजिटल नामक मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करेंगे. इसमें गिद्धों का डेटा दर्ज करेंगे. इसके अलावा फील्ड स्टाफ तय प्रारूप में मैनुअल रिकॉर्ड भी तैयार करेगा. इससे पहले फरवरी 2026 में शीतकालीन गिद्ध गणना अभियान चलाया गया था. इस दौरान वन परिक्षेत्र में कुल 224 गिद्ध दर्ज किए गए थे.

पांच लाख रुपए रिश्वत मांगने वाले छत्तीसगढ़ के 2 खिलाड़ी गिरफ्तार

n अनफीट से फीट कर देंगे कहकर कैंडिडेट से पैसे मांगे, सीबीआई ने पकड़ा

भिलाई/नवप्रदेश। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने छत्तीसगढ़ के 2 खिलाड़ियों को गिरफ्तार किया है। दोनों स्पोर्ट्स कोटे से रेलवे में जॉब कर रहे हैं। इनमें इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग रेफरी बी. राजशेखर राव और वेटलिफ्टर राजलक्ष्मी शामिल हैं।

सीबीआई के मुताबिक, आरोपियों ने एक कैंडिडेट से 5 लाख रिश्वत मांगी थी। मेडिकल परीक्षण के अनफिट सर्टिफिकेट को फीट कर देंगे कहा था।

अब जानिए पूरा मामला

सीबीआई के मुताबिक, रायपुर रेल मंडल में स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती निकाली गई थी। एक अभ्यर्थी ने आवेदन किया। लिखित परीक्षा के साथ फिजिकल टेस्ट पूरा हो चुका है। इन दोनों ही परीक्षाओं में अभ्यर्थी पास हो चुका था और उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाना बाकी था। भिलाई में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता बी. राजशेखर राव और सीसी-टीसी राजलक्ष्मी ने अभ्यर्थी से संपर्क किया था।

त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के रतलाम में रविवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया। त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच में अचानक भीषण आग लग गई। चलती ट्रेन में धुआं और लपटें देख यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और लोगों के बीच अचानक से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। असल में अब इस घटना के कारण

दिल्ली-मुंबई का व्यस्त रेल मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। बड़ी बात ये है कि समय रहते बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। फिलहाल रेलवे की टीमें आग लगने के कारणों की जांच कर रही हैं।

कार ने कुचला, सड़क पर तड़पकर 2 युवकों ने तोड़ा दम

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में तेज रफ्तार कार ने रेड सिग्नल पर खड़ी 2 बाइकों को कुचल दिया। हादसे में नाबालिग समेत 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसका निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। बाइक सवार एसी बनाने का काम करते हैं, वे कहीं रिपेयर के काम से जा रहे थे। रेड सिग्नल पर खड़े थे, तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से आकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दूर गिरे युवक सड़क पर तड़प रहे थे। गाड़ियों के परखच्चे भी उड़ गए थे। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार ड्राइवर सागर जायसवाल को हिरासत में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, दो अलग-अलग बाइक और स्कूटी पर 3 लोग सवार थे। वो सुपेला से पावर हाउस की तरफ जाते समय चंद्रामौर्या चौक पर रेड सिग्नल पर खड़े थे।

गरमा-गरम

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सीजेआई की मौजूदगी जरूरी नहीं: केंद्र सरकार

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि संविधान के तहत चुनाव आयोग की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व अनिवार्य नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि चयन समिति में न्यायपालिका के सदस्य को शामिल करना 'विधायी निर्णय' हो सकता है, लेकिन यह कोई 'संवैधानिक बाध्यता' नहीं है।

केंद्र ने यह दलील मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दाखिल प्रति-हलफनामे में दी है। 2 जनवरी 2024 से

लागू इस कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है।

समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं। नए कानून में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है।

केंद्र ने हलफनामे में कहा कि संविधान में कहीं भी चुनाव आयोग की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व का प्रविधान अनिवार्य नहीं किया गया है। सरकार के अनुसार, यह कहना कि नियुक्तियों की वैधता के लिए न्यायपालिका की भागीदारी जरूरी है, शक्तियों के पृथक्करण और संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद की भूमिका की गलत व्याख्या है। सरकार ने कहा कि चुनाव आयोग की वास्तविक स्वतंत्रता उसके संवैधानिक दर्जे, सुरक्षित कार्यकाल, हटाने संबंधी सुरक्षा उपायों तथा वेतन और कार्यों के वैधानिक संरक्षण से सुनिश्चित होती है। 2023 का कानून इन सभी प्रावधानों को बरकरार रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता जोड़ता है।

16 साल से भटक रहे किसान, अब जागी उम्मीद

n नवप्रदेश की खबर का कतरन लगाकर जिला प्रशासन ने तहसीलदार को दिया आदेश

राजिम/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के राजिम के समीप कोपरा-भेण्ड्री मार्ग पर किसानों की जमीन अधिग्रहित कर सरकार ने सड़क तो बना दी, करोड़ों के विकास के दावे भी कर दिए, लेकिन जिन किसानों की जमीन गई, उन्हें आज तक पूरा न्याय नहीं मिल पाया।

हैरानी की बात यह है कि सड़क निर्माण के 16 साल बाद भी प्रभावित किसानों की जमीन का राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं किया गया। 'नवप्रदेश' में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में जरूर आया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरियाबंद ने खबर की कतरन संलग्न करते हुए तहसीलदार राजिम को रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं, जिससे किसानों में आस जगी है।

नव प्रदेश खबर का असर

किसान दफ्तरों के चक्कर काटते थक चुके

पीड़ित किसान वर्षों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। मीनाक्षी देवी साहू, संतूराम साहू, मनोहर साहू, चमेली बाई, जगतूराम ध्रुव, वसुचंद साहू, कोमल साहू, सरोज बाई, जानकी देवी साहू और पुनारद यादव सहित कई किसानों ने 13 मई 2025 को सुरसा बांधा में आयोजित सुशासन समाधान शिविर में संयुक्त आवेदन देकर अपनी पीड़ा प्रशासन के सामने रखी थी।

अफसर सुशासन तिहार का मजाक बना रहे

भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने राजस्व विभाग पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कई बार अधिकारियों को मौखिक निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन मातहत अमला खुलेआम आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विष्णुदेव साय सरकार की महत्वाकांक्षी 'सुशासन तिहार' योजना का राजस्व विभाग मजाक बनाकर रख दिया है। किसानों की अधिग्रहित जमीन का रिकॉर्ड 17 साल तक लंबित रखना सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि घोर अकर्मण्यता और कामचोरी का जीता-जागता उदाहरण है।

दमोह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार, मदद करने वाला जबलपुर से धराया

जबलपुर/दमोह। नवप्रदेश

मध्य प्रदेश के दमोह में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 फर्जी डिग्री धारक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है.

दोनों डॉक्टर लंबे समय से संजीवनी क्लीनिक में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहे थे. वहीं, इनका सहयोग करने वाले जबलपुर निवासी एक फर्जी डॉक्टर को भी हिरासत में लिया है. जिससे पूछताछ जारी है.

विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज: मिशन अस्पताल में 8 लोगों की जान लेने वाले फर्जी डॉक्टर एन जॉनकेम के मामले की अभी सुनवाई चल रही है और फैसला भी नहीं हुआ है कि दमोह में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है. स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर दमोह कोतवाली ने 2 फर्जी डॉक्टर्स को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है. वहीं जबलपुर निवासी एक अन्य डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

फर्जी डिग्री से सरकारी सिस्टम में सहयोग

इस बात का खुलासा पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने किया है. बताया जाता है कि सीएमओ कार्यालय में एक गोपनीय

शिकायत की गई थी. जिसमें सुभाष कॉलोनी स्थित संजीवनी क्लीनिक में पदस्थ फर्जी डॉक्टर सचिन यादव, पुत्र छत्रपाल सिंह यादव निवासी ग्वालियर तथा राजपाल गौर पुत्र रमेश गौर निवासी जिला सीहोर पिछले एक वर्ष से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपनी सेवाएं दे रहे थे.

पंजीयन की जांच से भंडाफोड़: जब स्वास्थ्य विभाग ने अपने स्तर पर डॉक्टर द्वारा दिए गए पंजीयन की जांच की तो पता चला कि वह पंजीयन किसी और के नाम पर दर्ज है. गहराई से पड़ताल करने पर कूट रचित दस्तावेज सामने आए जो कि नियुक्ति के समय डॉक्टर ने प्रस्तुत किए थे. इसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश अठ्या ने मामले की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई. जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने मामले की पूरी जांच की तथा दोनों डॉक्टर को गिरफ्तार किया है.

फर्जी डिग्री धारक के सहारे संजीवनी क्लीनिक: पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया, बीएनएस के तहत दोनों डॉक्टर्स पर 2 अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं. इन दोनों डॉक्टर्स की नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संजीवनी क्लीनिक सुभाष कॉलोनी में की गई थी. चयन प्रक्रिया के दौरान सचिन यादव ने बीडीएस की कूट रचित डिग्री काउंसिल रजिस्ट्रेशन एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए थे. वहीं राजपाल यादव ने एमबीबीएस की डिग्री प्रस्तुत की थी. पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने आगे बताया, जब दोनों डॉक्टर्स से सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने जबलपुर के चेरीलाल निवासी फर्जी डॉक्टर अजय मौर्या पुत्र मनीराम मौर्य के बारे में जानकादी दी, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. वह मूल रूप से मुरैना का रहने वाला है. उसने इन दोनों डॉक्टर के कूट रचित दस्तावेज बनवाने में मदद की थी. पैसा लेकर के कई लोगों के फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में कुछ और लोगों के नाम सामने आए हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है.

प्रदेश का गौरव-किंग ऑफ मैंगो नूरजहाँ आम

मध्यप्रदेश के आमों की मिठास और विशालकाय नूरजहाँ की विश्व पहचान

भोपाल। नवप्रदेश

भारत को आमों का देश कहा जाता है और मध्यप्रदेश इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला प्रमुख राज्य बनकर उभरा है। प्रदेश की जलवायु, उपजाऊ मिट्टी और विविध भौगोलिक परिस्थितियां आम उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल मानी जाती हैं। यही कारण है कि यहां दशहरी, लंगड़ा, चौसा, केसर, आम्रपाली, अल्फांसो और तोतापरी जैसी अनेक प्रसिद्ध किस्मों के साथ-साथ एक ऐसी अनोखी किस्म भी पैदा होती है, जिसने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी विशेष पहचान बनाई है। यह विशेष किस्म है नूरजहाँ आम। इसे किंग ऑफ मैंगो भी कहा जाता है।

मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में पैदा होने वाला नूरजहाँ आम अपने विशाल आकार, अद्वितीय स्वाद और आकर्षक स्वरूप के लिए प्रसिद्ध है। इसे दुनिया के सबसे बड़े आमों में गिना जाता है। सामान्यतः एक नूरजहाँ आम का वजन लगभग 2 से 5 किलोग्राम तक होता है। इसका आकार इतना बड़ा होता है कि एक ही आम पूरे परिवार के लिए पर्याप्त माना जाता है। इसका रंग, सुगंध और मिठास लोगों को पहली नजर में आकर्षित कर लेते हैं। बाजार में इसकी मांग विशेष रूप से बड़े शहरों और विदेशों में अधिक है। एक आम की कीमत 1500 से 3000 तक होती है।

नूरजहाँ आम केवल अपने आकार के कारण ही नहीं, बल्कि अपनी दुर्लभता के कारण भी विशेष माना जाता है। इसके पेड़ों पर सीमित संख्या में फल आते हैं, इसलिए इसकी कीमत सामान्य आमों की तुलना में कई गुना अधिक होती है। कई बार एक फल ही हजारों रुपये में बिक जाता है। यही कारण है कि यह आम किसानों के लिए लाभकारी फसल के रूप में उभर रहा है। कट्ठीवाड़ा का मौसम और वातावरण इस किस्म के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है, जिससे यहां पैदा होने वाले फल विशेष गुणवत्ता वाले होते हैं।

माना जाता है कि नूरजहाँ आम की यह प्रजाति वर्षों पहले अफगान क्षेत्र से भारत पहुंची और बाद में पाँचवें - छठवें दशक में मध्यप्रदेश के मालवा तथा आदिवासी अंचल झाबुआ में विकसित हुई। आलीराजपुर जिले के ग्राम जूना कट्ठीवाड़ा स्थित शिव (बावड़ी) आम फार्म के कृषक भरतराजसिंह जादव बताते हैं कि उनके पिता स्व. रणवीरसिंह जादव लगभग 55 से 60 वर्ष पूर्व गुजरात के बनमाह क्षेत्र से नूरजहाँ आम का पौधा लेकर आए थे। उन्होंने अपने खेत में इस पौधे को लगाया और वर्षों की मेहनत से इसे संरक्षित किया। यही पौधा आगे चलकर पूरे क्षेत्र की पहचान बन गया। जादव के अनुसार उनके पिता ने ग्राफ्टिंग तकनीक से एक विशेष पौधा तैयार किया था, जिसकी वर्तमान आयु लगभग 20 से 25 वर्ष है। इसके अतिरिक्त स्वयं भरतराजसिंह जादव द्वारा तैयार किए गए 11 ग्राफ्टेड पौधे आज 3 से 5 वर्ष की अवस्था में विकसित हो रहे हैं।

आज यह मध्यप्रदेश की विशेष पहचान बन चुकी है। कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में नूरजहाँ आम की ख्याति वर्षों पुरानी है। इसकी विशिष्टता को देखते हुए वर्ष 1999 तथा 2010 में इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों ने न केवल किसानों का उत्साह बढ़ाया बल्कि आलीराजपुर जिले को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाई। धीरे-धीरे यह आम मध्यप्रदेश की उद्यानिकी पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया।

नूरजहाँ आम का इतिहास मालवा और पश्चिमी भारत की सांस्कृतिक विरासत से भी जुड़ा माना जाता है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व दूरसंचार दिवस की दीं शुभकामनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व दूरसंचार दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि संचार क्रांति ने विभिन्न माध्यमों से दूरियां समेटकर विश्व को परिवार जैसा बना दिया है, जिससे जीवन सहज हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर संचार माध्यमों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले वैज्ञानिकों को नमन कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

एम्स भोपाल द्वारा बकानिया गांव में स्वास्थ्य शिविर एवं लू से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल। एम्स भोपाल लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनहितकारी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर के नेतृत्व में तथा चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) विकास गुप्ता के सक्रिय सहयोग एवं मार्गदर्शन में बकानिया गांव में ÷बीट द हीट÷ विषय पर स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को गर्मी के मौसम में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं और उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का संचालन कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. कुलदीप गुप्ता एवं जूनियर रेजिडेंट डॉ. हिमानी राज द्वारा किया गया। डायटेटिक्स विभाग की डायटीशियन सुश्री निधि वैद्य एवं सुश्री साची सोनकर ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में सरल एवं उपयोगी जानकारी दी गई। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, दोपहर के समय तेज धूप से बचने, हल्के एवं ढीले कपड़े पहनने तथा हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों को पहचानने के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक उपचार, पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई और चिकित्सा विशेषज्ञों से उपयोगी जानकारी प्राप्त की। यह स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एम्स भोपाल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर बैंक मैनेजर को 7 साल की जेल

भोपाल। सीबीआई की विशेष न्यायाधीश नीलम शुक्ला की कोर्ट ने बैंक ऑफ इंडिया की मिसरोद ब्रांच में सीनियर बैंक मैनेजर रहे आरोपी पीयूष चतुर्वेदी पुत्र आरएन चतुर्वेदी (70) निवासी छत्रसाल नगर इंद्रपुरी और उसके साथी मोहन सिंह सोलंकी पुत्र प्रताप सिंह सोलंकी (65) निवासी गिरधर गार्डन कोलार रोड को 25 लाख के लोन घोटाला मामले में दोषी ठहराते हुए सात साल के कारावास सहित 60 हजार रुपए के जुर्माने की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। जानकारी के अनुसार आरोपी पीयूष चतुर्वेदी 30 अप्रैल 2013 से 3 जनवरी 2015 की अवधि में बैंक ऑफ इंडिया मिसरोद ब्रांच में सीनियर बैंक मैनेजर था। पीयूष चतुर्वेदी ने 26 नवंबर 2013 को मेसर्स आरजे ट्रेडर्स के लोन खाते में 30 लाख रूपए का सीसी लोन मंजूर कराया। इसके बाद 26 नवंबर 2013 को बिना खाताधारक की जानकारी के, लोन खाते से 25 लाख रुपए सांवरिया मशीन्स के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। जांच में सामने आया कि आरटीजीएस वाउचर पर अधिकृत साइन नहीं थे। लिखावट विशेषज्ञ की रिपोर्ट में कई फर्जी दस्तावेजों पर तत्कालीन मैनेजर पीयूष चतुर्वेदी के हस्ताक्षर और हैंडराइटिंग की पुष्टि हुई। फैसले में लोन खाते से 30 हजार रुपए के एक और अवैध भुगतान का भी उल्लेख है। बताया गया है की उसमें से 25 लाख रुपए सह-आरोपी मोहन सिंह सोलंकी की पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर करते हुए उस रकम को हड़प लिया था। फरियादी एसके वोहरा ने मामले की शिकायत सीबीआई भोपाल यूनिट से की थी।

देहात पुलिस ने रात भर मैदान में उतरकर की कॉम्बिंग गश्त

भोपाल। भोपाल देहात पुलिस ने जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये विशेष कॉम्बिंग गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय के निर्देशन में शनिवार-रविवार की दरमियानी देर रात एक बजे से यह अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 33 स्थाई वारंट और 40 गिरफ्तारी वारंट सहित 73 वारंट तामील कराए। विशेष अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों, आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों की देर रात तक सघन चेकिंग की गई। साथ ही विभिन्न स्थानों पर आकस्मिक वाहन जांच अभियान भी चलाया गया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय ने थाना बिलखिरिया पहुंचकर पुलिस बल की आकस्मिक चेकिंग की और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने प्रदेश की पहल को सराहा

प्रदेश में पेपर लैस कार्य संस्कृति को किया जा रहा प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। नवप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में पेपरलेस कार्य संस्कृति को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। नागरिकों को एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल ऐप पर सरकार के 56 विभागों की 1700 सेवाएं एक ही पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

प्रदेश में साइबर तहसीलों की स्थापना हो चुकी है। इस नवाचार को प्रधानमंत्री पुरस्कार भी मिल चुका है। भोपाल में देश के पहले साइबर पंजीयन कार्यालय की शुरुआत की गई है। प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर का भी शुभारंभ किया गया है। मंत्रि-परिषद की कार्यवाही पूर्णतः पेपरलैस हो चुकी है, जिससे न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता भी बढ़ी है। प्रदेश में सुशासन के साथ ग्रीन गवर्नेंस को भी बढ़ावा मिल रहा है। इन नवाचारों से प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं और जन सामान्य से जुड़ी सेवाओं तक आम आदमी की पहुंच को आसान और उनके उपयोग को सरल व सुगम बनाया जा रहा है। सर्वोच्च अदालत के मुख्य न्यायाधीश-न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जबलपुर के एक कार्यक्रम में प्रदेश में पेपर लैस कार्य प्रणाली को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, पूर्णतः पेपरलैस बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इससे पर्यावरण को भी संबल मिलेगा।

गुड गवर्नेंस के नए आयाम होंगे स्थापित

प्रधानमंत्री मोदी के सुशासन के मंत्र को आत्मसात करते हुए मिनिमम गवर्नमेंट-मैग्सिमम गवर्नेंस के मूल मंत्र के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में गुड गवर्नेंस के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में सक्रिय हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यालयों में फाइलों की मॉनिटरिंग, समयबद्ध निराकरण और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हुआ है। इससे भ्रष्टाचार में कमी, पारदर्शिता में वृद्धि तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं में गति आई है। लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएम हेल्पलाइन नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर सिस्टम के माध्यम से प्रदेश में रजिस्ट्री की सुविधा अब लोगों के लिए आसान हुई है। नागरिक अब घर बैठे दस्तावेज के पंजीयन करवा रहे हैं। वारंट और समन की तामील के लिए ई-तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। मध्यप्रदेश, ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

तकनीक के बदलते दौर में बदल रहा न्यायिक प्रशासन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही, सुशासन के दो मजबूत स्तंभ हैं और एक -दूसरे के पूरक भी। पारदर्शिता से जवाबदेही मजबूत होती है और जवाबदेही स्वयं पारदर्शिता की कारक होती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल क्रांति ने देश में सर्विस डिलीवरी और व्यवस्था की जवाबदेही को मजबूती दी है। तकनीक आज सामाजिक परिवर्तन के साथ व्यवस्था में बदलाव का भी प्रमुख कारक बन गई है। तकनीक के इस बदलते दौर में प्रदेश के न्यायालय तेजी से बदल रहे हैं। वर्षों तक न्यायिक प्रक्रिया कागजी अभिलेखों पर आधारित रही।

अब सीएनजी भी महंगी थिंक एजेंसी ने रू 3 किलो तक बढ़ाए दाम

भोपाल। नवप्रदेश

पेट्रोल-डीजल के बाद अब सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) भी महंगी हो गई है। शनिवार रात 3 रुपए प्रतिकिलो तक रेट बढ़े हैं। भोपाल में 1 किलो गैस के रेट अब 93.75 रुपए हो गए हैं। नई कीमतें आज से लागू होंगी।

मध्य प्रदेश में 3 गैस एजेंसियां-थिंक, गेल और अवंतिका सीएनजी की सप्लाई करती हैं। भोपाल, सीहोर, राजगढ़, विदिशा समेत आसपास के जिलों में थिंक कंपनी सप्लाई करती है, जबकि इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर संभाग में अवंतिका की सप्लाई है। गेल कंपनी की भी कई जिलों में सप्लाई है। भोपाल समेत आसपास के जिलों में दो महीने में दूसरी बार कीमतें बढ़ी हैं। इससे पहले करीब 2 रुपए बढ़े थे। इस तरह दो महीने में सीएनजी 5 रुपए प्रति किलो तक महंगी हो गई है।

ग्वालियर में भी एक रुपए किलो बढ़े रेट: वहीं ग्वालियर में अवंतिका एजेंसी ने सीएनजी की कीमत में ?1 की बढ़ोतरी कर दी है। एक दिन पहले 95 पर किलो थी, जो अब बढकर 96 रुपए किलो हो गई है।

भोपाल के 25 पंपों पर सीएनजी: राजधानी में कुल 152 पेट्रोल पंप है। इनमें से 12 पंप ऐसे हैं। जहां सीएनजी गैस भी मिलती है। वहीं थिंक गैस के मैनिट, नीलबड़, होशंगाबाद रोड, बैरागढ़ रोड समेत कई जगहों पर भी कुल 25 स्टेशन है। यहां पर रेट बढ़े हैं।

50 तक बढ़ी सीएनजी गाड़ियों की बिक्री: पिछले तीन साल में भोपाल में सीएनजी गाड़ियों की बिक्री 50 तक बढ़ी है। शोरूम से हर रोज सीएनजी बेस्ड 10 से 15 गाड़ियां बिक रही है। इसकी मुख्य वजह पेट्रोल-डीजल के मुकाबले सीएनजी से एवरेज ज्यादा मिलना है। वहीं, सीएनजी के रेट भी कम है।

पेट्रोल-डीजल के रेट भी 3 रुपए तक बढ़े: दो दिन पहले ऑयल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के रेट 3 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दिए। 15 मई से नई कीमतें लागू हो गई। मध्य प्रदेश में यह कीमतें 3.50 रुपए तक बढ़ी है। पांढुर्णा-मंडला में पेट्रोल सबसे महंगा है। रेट 111.29 रुपए प्रति लीटर तक है।

निर्यात पर रोक के बाद भी गर्मी में ऊंचे ब्रांड की बीयर गायब, कुछ ब्रांड के वसूल रहे मनमाने दाम

भोपाल। नवप्रदेश

प्रदेश में गर्मी से लोग हलाकान है ऐसे में कुछ लोग ठंडक पाने के लिए बीयर का सहारा लेते है लेकिन प्रदेश की अधिकांश शराब दुकान से पसंदीदा ब्रांड की बीयर न मिलने से लोग परेशान है जिसका जिक्र वह अपने सोशल मीडिया एकांउट पर पोस्ट करके भी कर रहे है। इधर लोकप्रिय ब्रांड की किल्लत का फायदा शराब ठेकेदार भी उठा रहे हैं और वे पसंदीदा ब्रांड के लिए प्रति बोतल 50 और कैन के लिए 70 रुपये तक अधिक ले रहे हैं।

प्रदेश में शराब दुकानों पर बीयर की कमी ने लोगों और ठेकेदारों दोनों को परेशान कर रखा है। आलम यह है कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में लोकप्रिय ब्रांड्स की बीयर की न तो बोतलें उपलब्ध हैं और न ही कैन। आबकारी विभाग ने प्रदेश में बीयर की कमी को दूर करने के लिए न केवल शराब दुकानों पर राशनिंग लागू कर दी थी, बल्कि प्रदेश से अन्य राज्यों और विदेशों में जाने वाली बीयर पर भी रोक लगा दी है। इसके बाद भी ग्राहकों की डिमांड पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे में शौकीन ग्राहक खाली हाथ लौट रहे हैं। इसके साथ ही शराब ठेकेदार भी चिंतित हैं।

क्योंकि इससे उनकी बिक्री भी प्रभावित हो रही है। आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार एमपी में फिलहाल एक शराब दुकान को अधिकतम 300 पेटी बीयर की ही सप्लाई की जा रही है। इधर लोकप्रिय ब्रांड की किल्लत का फायदा शराब ठेकेदार भी उठा रहे हैं और वे पसंदीदा ब्रांड के लिए प्रति बोतल 50 और कैन के लिए 70 रुपये तक अधिक ले रहे हैं। आबकारी विभाग के पास भी ऐसी शिकायतें पहुंच रही हैं। नियम के मुताबिक प्रदेश में एमआरपी से अधिक पर शराब नहीं बेची जा सकती।

अप्रैल माह में टिकट चैकिंग से 12 करोड़ 35 लाख का राजस्व प्राप्त

भोपाल। पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2026 में कुल 01 लाख 75 हजार मामलों में अनबुक्ड लगेज, बिना टिकट यात्रा तथा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। इनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 12 करोड़ 35 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।

यह राशि पिछले वर्ष इसी अवधि में वसूले गए 10 करोड़ 30 लाख रुपये के जुर्माने की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है।

सरकार को आबकारी विभाग सें 20,481 करोड़ रुपए राजस्व का अनुमान

भोपाल। नवप्रदेश

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति के तहत मध्य प्रदेश की सभी 3553 शराब दुकानों की बिक्री पूरी हो गई है। इन दुकानों से सरकार को 18,676.80 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.33 प्रतिशत अधिक है। वहीं अन्य स्रोतों से लगभग 1775 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय का अनुमान लगाया गया है, जो कुल राजस्व का करीब 9.5 प्रतिशत है। इस तरह आबकारी विभाग को कुल 20,481.80 करोड़ रुपए के राजस्व संग्रह की उम्मीद है, जो वित्त विभाग द्वारा निर्धारित 20,279 करोड़ रुपए के लक्ष्य से अधिक है। राज्य सरकार ने

वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति और उससे जुड़े विषयों पर निर्णय लेने तथा आगामी वर्षों के लिए सुझाव तैयार करने के उद्देश्य से मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया है। उप मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर विभाग की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में मदिरा दुकानों और समूहों पर प्राप्त ऑफरों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 24वें चरण में कई दुकानों और समूहों के लिए आरक्षित मूल्य से अधिकतम 65 प्रतिशत तक कम ऑफर प्राप्त हुए थे। वहीं 10वें, 11वें और 21वें चरण में प्राप्त कुछ ऑफर पहले से होल्ड पर रखे गए थे। आबकारी नीति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 24वें चरण के ऑफर और पहले से होल्ड ऑफर की तुलना कर जो भी उच्च मूल्य का ऑफर पाया गया, उसे स्वीकार करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 10वें, 11वें और 21वें चरण में प्राप्त कुछ उच्चतम ऑफरों को बाद में स्वीकृति दी गई। टेंडर अवधि और स्वीकृति तिथि में अंतर होने की स्थिति में वार्षिक मूल्य में छूट देने के लिए राजपत्र की कंडिका 38.8 के अनुसार संबंधित कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है।

प्रमुख मार्गों पर समन्वय के साथ समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में तेजी: संभागायुक्त ने किया मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण

उज्जैन। नवप्रदेश

सिंहस्थ-2028 महापर्व की तैयारियों के तहत शहर में चल रहे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों का रविवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार तेज गति से पूरे किए जाएं तथा विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

संभागायुक्त सिंह ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण के दौरान सबसे पहले पेयजल पाइप लाइन, विद्युत पोल शिफ्टिंग और सीवर लाइन जैसे आधारभूत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए, ताकि बाद के निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम आवागमन और बेहतर भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखने के लिए प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। रविवार को निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने कंठाल चौराहा, सतीगेट, ढाबारोड़, जूना सोमवारिया, खजूरवाली मस्जिद, वीडी क्लॉथ मार्केट तथा तेलीवाड़ा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कंठाल चौराहे पर नाली निर्माण और सड़क की पीसीसी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, वहीं सतीगेट क्षेत्र में बिल्डिंग लाइन स्पष्ट कर नाली निर्माण कार्य शुरू करने को कहा गया।

ढाबारोड़ क्षेत्र में हरियाखेड़ी से पेयजल सप्लाई लाइन का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा कमरी मार्ग में सीवर लाइन का कार्य सात दिनों में समाप्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अन्य विभागों को इसी अवधि में विद्युत पोल लगाने का कार्य पूरा करने को कहा गया। इसके बाद खजूरवाली मस्जिद से बड़े पुल तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को केडी गेट चौराहे की नई प्लानिंग तैयार करने तथा दो दिनों में पीक्यूसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

10 हजार पुलिस पदों पर भर्ती की तैयारी, लेकिन परीक्षा कौन कराएगा यह अभी तय नहीं

भोपाल। राजधानी में 11 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केएफ रुस्तम जी सम्मान समारोह में पुलिस आरक्षकों सहित पुलिस में 10 हजार पदों पर शीघ्र भर्ती किए जाने की घोषणा की। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि भर्ती कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) से होगी या पुलिस भर्ती बोर्ड से। पुलिस मुख्यालय भी भ्रम की स्थिति में है। मुख्यालय ने भर्ती का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। इसमें 1,041 पद उप निरीक्षक और सूबेदारों के भी हैं।

भर्ती बोर्ड के गठन का प्रस्ताव अब भी लंबित

भर्ती प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद चयन की प्रक्रिया प्रारंभ होनी है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारी चाहते हैं कि इसके पहले भर्ती बोर्ड गठित हो जाए जिससे तेज गति से इन पदों पर भर्ती की जा सके। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष अप्रैल में पुलिस मुख्यालय में एक बैठक के दौरान पुलिस भर्ती बोर्ड बनाने के लिए कहा था, जिससे भर्तियों में देरी नहीं हो। घोषणा के एक माह बाद पुलिस मुख्यालय ने शासन को प्रस्ताव भी भेज दिया था, पर तब से परीक्षण ही चल रहा है।

गृह विभाग करेगा व्यवहार्यता का अध्ययन: अब गृह विभाग के नए एसीएस संजय शुक्ला प्रस्ताव का परीक्षण करेंगे। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) और विधि विभाग के साथ बैठक कर प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। हालांकि, गृह विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड बनाने के संबंध में व्यवहार्यता (फिजिबिलिटी) अध्ययन किया जा रहा है। शीघ्र ही गठन को लेकर निर्णय हो जाएगा।

मेंटेनेंस के दावों के बावजूद 24 घंटे से अधिक गुल रही बिजली, गर्मी से बेहाल रहे लोग

पहली आंधी में ही खुली बिजली विभाग की पोल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। गर्मी के बीच शनिवार शाम आई पहली तेज आंधी ने बिजली विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई। नगर के करिया टोला, सेवता पारा वार्ड, कुम्हार पारा समेत कई इलाकों में शनिवार शाम करीब 6 बजे से बिजली गुल हो गई, जो रविवार दिनभर भी सुचारू रूप से बहाल नहीं हो सकी लगातार 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली प्रभावित रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा भीषण गर्मी और उमस के कारण लोग रातभर जागने को मजबूर रहे घरों में पंखे, कूलर और पानी की मोटर बंद रहने से स्थिति और खराब हो गई।

मेंटेनेंस पर उठे सवाल: स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग द्वारा नियमित मेंटेनेंस और सुधार कार्य के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही आंधी में पूरी व्यवस्था ठप हो गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली लाइनों और उपकरणों का सही रखरखाव किया गया होता तो इतनी बड़ी समस्या उत्पन्न नहीं होती।

ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बहुत खराब

नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली संकट गहराया रहा ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय तक बिजली नहीं रहने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई और मोबाइल तक चार्ज नहीं हो सके। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी जल्द सुधार की मांग क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से व्यवस्था सुधारने, मेंटेनेंस कार्य को प्रभावी बनाने तथा शिकायतों के त्वरित समाधान की मांग की है ताकि भविष्य में आंधी या बारिश के दौरान लोगों को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नहीं उठाया फोन

इस संबंध में जेई श्रीकांत को जानकारी लेनी चाही गई तो फोन रिसीव ही नहीं किया गया।

फोन बंद, नहीं मिला संतोषजनक जवाब

बिजली बंद होने के बाद उपभोक्ता लगातार विभागीय कर्मचारियों और कार्यालय के नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास करते रहे, लेकिन अधिकांश नंबर बंद मिले इससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई। कई लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज कराने और जानकारी लेने के बावजूद उन्हें केवल 'फॉल्ट सुधार कार्य जारी है' कहकर आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

आंधी तूफान से कई पेड़ बिजली वायर व टिन तूफान की भेट चढ़े

n बिजली बंद होने से नागरिक हुए हलाकान

भाटापारा/नवप्रदेश। पिछले एक सप्ताह के भीतर बीती रात्रि नगर मे आये भारी तूफान व आंधी से अनेक पेड़ बिजली वायर व टिन तूफान की भेट चढ़ गए,जिससे बिजली प्रदाय व्यवस्था लगभग 6 से 7 घंटे तक बाधित रही जिसके फलस्वरूप लोग मच्छरो से रात भर परेशान होते रहे।

इस बीच शहर मे लगभग 50 से अधिक स्थानो पर विद्युत तार के उपर पेड़ गिरने अनेक स्थानो पर खंभा गिरने तथा कई स्थानो पर ट्रांसफार्मर गिरने एवं सैकड़ो स्थानो पर पोस्टर बैनर गिरने विभिन्न दुकानो के बोर्ड के अलावा कच्चे मकानो के छप्पर टिन व तारपोलिन के आंधी में उड़ जाने से जन सामान्य को भारी मुसीबतो का सामना करना पड़ा है। लोग शुक्रवार को अपने उड़े हुये आसियाने को सवारने मे जुटे रहे वही जगह जगह पेड़ के गिर जाने से अनेक रास्तो मे यातायात ठप रहा आंधी तूफान ने ऐसा कहर बरपाया है कि लोग सोचने पर मजबूर है कि आखिर वे आंधी तुफान एवं बिजली बंद की समस्या से कैसे निपटे। आंधी तूफान व कमजोर बारिश में किसानो के धान व सब्जी बाड़ी की पैदावार को भी भारी नुकसान पहुचा है जिसके कारण बाजार मे हरी सब्जियो के भाव आसमानी तेजी पर पहंच गये है।

शाह के बस्तर दौरे की तैयारियां तेज बादल अकादमी का किया निरीक्षण

n भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों के प्रस्तावित दो दिवसीय बस्तर प्रवास को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने आसना स्थित बादल अकादमी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नेताओं ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा, मंच व्यवस्था, आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था, आवागमन, पार्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए प्रशासनिक अमले को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।बस्तर प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ योगी आदित्यनाथ, मोहन यादव, पुष्कर सिंह धामी और विष्णु देव सै के भी शामिल होने की जानकारी है, जिसके चलते प्रशासन और भाजपा संगठन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

निरीक्षण के दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप,प्रमुख सचिव निहारिका बारिक,सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास भीम सिंह, कमिश्नर डोमन सिंह,आईजी सुंदरराज पी,कलेक्टर आकाश छिकारा,पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आसना स्थित बादल अकादमी में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था,मंच निर्माण, पार्किंग, पेयजल, बिजली, यातायात नियंत्रण और वीआईपी आवागमन को लेकर विशेष चर्चा हुई।

जलनी माता मेला उत्सव की तैयारियां तेज व्यवस्थाओं को लेकर बनी रणनीति

n अघनपुर तेतरखुटी में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों ने लिया हिस्सा

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित जलनी माता गुड़ी अघनपुर तेतरखुटी में 25 मई 2026 को आयोजित होने वाले माता मेला उत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला आयोजन को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों, समिति पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने आयोजन को लेकर अपने सुझाव भी रखे।

बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल की तैनाती एवं बैरिकेडिंग व्यवस्था करने, श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पेयजल टैंकर उपलब्ध कराने तथा मेला परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। भारी भीड़ को देखते हुए वाहनों की पार्किंग के लिए अलग स्थान चिन्हित करने का निर्णय भी लिया गया। इसके साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मंदिर एवं मेला क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई। मेले के सफल संचालन के लिए स्वागत, प्रचार-प्रसार एवं प्रबंधन समितियों के गठन पर भी सहमति बनी, ताकि आयोजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। बैठक में छत्रपति शिवाजी वार्ड पार्षद श्याम सुंदर बघेल, गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा, जलनी माता गुड़ी समिति के अध्यक्ष गंगदेव यादव, पुजारी पीतांबर बघेल एवं सिरहा साधुराम बघेल सहित गोपाल पटेल, जयराम नाग, मनमोहन बघेल, रितेश कश्यप, दुर्जन नाग, श्रीनाथ कश्यप, सोन सिंह नाग, कमल सिंह बघेल, सुंदर बघेल, माटू बघेल, मोहन बघेल, दया बघेल, सोनाधार मौर्य, जोगेंद्र यादव, इतेन्द्र बघेल, किरण बघेल, उदय गोयल, गबरू बघेल और कौशल्या साहू सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी उपलब्ध रहेंगे मीडियेटर, 'समाधान समारोह' 21 अगस्त से

दुर्ग/नवप्रदेश। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से 'समाधान समारोह 2026' अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतिम चरण में 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लंबित मामलों के आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्वरित निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य पक्षकारों को मानवीय, प्रभावी और सहज न्याय उपलब्ध कराना है, ताकि लंबे समय से लंबित प्रकरणों का समाधान संवाद और समझौते के माध्यम से किया जा सके।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। जानकारी के अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी मीडियेटर/मध्यस्थ उपलब्ध रहेंगे और मध्यस्थता की कार्यवाही जारी रहेगी। इससे पक्षकारों को मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी तथा अधिक से अधिक प्रकरण आपसी सहमति से निपटाए जा सकेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने आमजन, अधिवक्ताओं और पक्षकारों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए अपने लंबित मामलों के निराकरण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। विशेष लोक अदालत में पक्षकार अपनी सुविधा के अनुसार प्रत्यक्ष अथवा वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर समाधान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

सुशासन तिहार में उठी शराब दुकान खोलने की मांग, राजपुर-पगबंधी के आवेदन से मचा हड़कंप

धमधा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत ग्राम राजपुर में आयोजित सुशासन तिहार उस समय अचानक चर्चा का केंद्र बन गया, जब शिविर में शराब दुकान और शराब भट्टी खोलने की मांग से जुड़े आवेदन सामने आए। आमतौर पर ऐसे आयोजनों में सड़क, बिजली, पानी, पेंशन, राशन और किसान समस्याओं से जुड़े आवेदन पहुंचते हैं, लेकिन इस बार मामला अलग होने के कारण पूरे कार्यक्रम में हलचल मच गई।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने मंच से ही आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाकर शराब से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी मांगी। विधायक के सवाल पर आबकारी अधिकारी ने बताया कि विभाग को कुल दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें एक आवेदन ग्राम राजपुर तथा दूसरा ग्राम पगबंधी से मिला है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ये आवेदन शराब दुकान बंद कराने या शराबबंदी की मांग को लेकर नहीं, बल्कि गांव में शराब दुकान एवं भट्टी खोलने की मांग के समर्थन में दिए गए हैं। यह जानकारी सामने आते ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई और मामला पूरे क्षेत्र में सुर्खियों में आ गया।

मंच से विधायक ईश्वर साहू ने भी इस पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि यदि कहीं अवैध शराब बिक्री हो रही है तो लोग बिना डर प्रशासन को इसकी सूचना दें। विधायक के इस बयान के बाद माहौल और गंभीर हो गया। गौरतलब है कि धमधा क्षेत्र के कई गांवों में पूर्व में शराब दुकानों के विरोध में महिलाओं, ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों द्वारा आंदोलन किए जा चुके हैं। कई स्थानों पर शराबबंदी की मांग को लेकर प्रदर्शन भी हुए हैं।

ऐसे माहौल में सरकारी सुशासन शिविर में शराब दुकान खोलने की मांग वाले आवेदन सामने आना सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। अब पूरे क्षेत्र में यह सवाल उठ रहा है कि गांवों में शराब के खिलाफ आवाज ज्यादा बुलंद है या फिर कुछ लोग शराब बिक्री को वैध रूप दिलाने की कोशिश में जुटे हैं।

नशा कोई आदत नहीं, परिवार के खिलाफ अपराध

n जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस और प्रबुद्धजनों ने नशे के सौदागरों को ललकारा

कुरुद/नवप्रदेश। नवागांव (उ) के अटल चौक पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस और समाज के प्रबुद्ध जनों ने नशे के सौदागरों और इसके आदी हो चुके युवाओं को सीधे शब्दों में ललकारा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रागिनी मिश्रा और टिकेश साहू ने बिना किसी लाग-लपेट के समाज का वो कड़वा सच सामने रखा, जिसे सुनकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें खुल गई। उन्होंने कहा कि यह स्लो पॉइजन है नशाः आज का युवा एक सिगरेट, एक पैग या एक नशीली गोली को 'कूल' समझकर शुरू करता है, लेकिन धीरे-धीरे वह अपनी नौकरी, इज्जत और पहचान सब कुछ दांव पर लगा देता है। घरेलू हिंसा की मुख्य जड़ः नशा इंसान से उसका दिमाग और तमीज छीन लेता है। जो व्यक्ति नशे में धुत होकर अपने ही मां-बाप, पत्नी और बच्चों पर हाथ उठाता है, वह अपने रिश्तों को खुद तबाह कर रहा है। मासूमों का अंधकारमय भविष्यः नशेड़ी माता-पिता बच्चों को न समय दे पाते हैं, न संस्कार। डर और तनाव के माहौल में पलने वाले ये बच्चे अक्सर भटककर खुद भी इसी दलदल में गिर जाते हैं। नशे की हालत में लोग सोचने-समझने की क्षमता खो देते हैं और एक गलत क्लिक या ऑनलाइन फ्रॉड के जरिए अपनी पूरी जमा-पूंजी गंवा बैठते हैं। युवा सरपंच टिकेश साहू ने कहा कि ÷गली-गली में बिकता जहर और युवाओं की मौत हो रही है।

रेत माफियाओं पर प्रशासन का शिकंजा, बस्तर में 4 वाहन जब्त

n कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर जिला खनिज जांच दल ने बेलगांव रेत घाट और बजावण्ड क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर अवैध परिवहन में लगे 4 वाहनों को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर और दो हाईवा पकड़े गए,जिन्हें तत्काल पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। खनिज विभाग की टीम ने सभी वाहनों को खनिज सहित जप्त कर वाहन मालिकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दोषियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग अधिकारी शिखर चेरपा ने कार्रवाई के माध्यम से जिले के खनिज ठेकेदारों और परिवहनकर्ताओं को कड़ा संदेश दिया है कि बिना परिवहन पास के खनिज परिवहन करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। विभाग ने चेतावनी दी है कि दोबारा अवैध परिवहन या उत्खनन करते पाए जाने पर और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन के अनुसार जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए आगे भी लगातार विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

महाराष्ट्र मंडल: बुजुर्ग ने कहा- रावण ज्ञानी पर अहंकार में किया माता सीता का अपहरण

सियान गुड़ी में आध्यात्म और सामयिक विषयों पर बहस

n रोचक पहेलियों के दिए बुजुर्गों ने जवाब, जीवन में हो राम जैसा व्यवहार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिकों के सियान गुड़ी में आध्यात्म और वर्तमान परिदृश्य को लेकर जोरदार चर्चा हुई। चर्चा में भगवान राम, रावण, कृष्ण, महर्षि वाल्मिकी और वर्तमान पर बुजुर्गों ने खुलकर विचार रखे। वहीं रोचक पहेलियों का जवाब भी बुजुर्गों ने उत्सुकता के साथ दिया। समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुदानित और महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित सियान गुड़ी के प्रभारी और महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया परिचय के दौरान लखनलाल साहू ने बताया कि वे घर पर अकेले रहते हैं। वहीं अन्य बुजुर्गों ने बताया कि वे परिवार के साथ रहते हैं, पर दोपहर में अकेले होने के कारण वे यहां आते हैं। खंगन ने बुजुर्गों से कहा कि यह सिर्फ पुरुषों के लिए नहीं, अपितु महिलाओं के लिए भी है। उन्होंने सभी से अपनी पत्नियों को भी लाने की आग्रह किया।

आध्यात्मिक चर्चा के दौरान कैलाश अग्रवाल ने कहा कि रावण के आगे विद्वान जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या वह वाकई में ज्ञानी थे, अगर थे तो आखिर क्यों उन्होंने माता सीता का अपहरण किया। दरअसल उन्होंने अहंकार में आकर सीता माता का अपहरण किया था। महर्षि वाल्मिकी के बारे में कहते हुए अग्रवाल ने कहा कि राम नाम की महिमा कितनी अपार है कि मरा-मरा कहते हुए डाकू रत्नाकर महर्षि वाल्मिकी बन गया और रामायण जैसे महाग्रंथ की रचना कर डाली। उन्होंने कहा कि जीवन में हमारा व्यवहार राम की तरह होना चाहिए। सियान गुड़ी आने वाले लखनलाल साहू ने बताया कि वह अकेले रहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल किसी की बात नहीं सुनते। बच्चे ही क्या, कोई किसी का कहना मानता नहीं है। बच्चों ने किसी भी चीज की मांग की और वह नहीं पूरी हुई, तो वह मारपीट पर उतर आते हैं। मां-बाप के ऊपर हाथ उठाते है। हमें समाज को इस दिशा में जाने से रोकने का प्रयास करना होगा।

बुजुर्ग केके पाठक ने एक बहस के दौरान भावनाओं में बहकरर कहा कि प्रधानमंत्री गो हत्या बंद करने को लेकर संसद में बिल क्यों नहीं लाते। दूसरे वरिष्?ठ नागरिक ने कहा कि भाषणों में कहना, वादा करना आसान होता है।

मंदोदरी की व्यथा, शकुनि की कुटिल चाल रंग यानिकी के मंच पर हुई जीवंत

n महाराष्ट्र मंडल के साथ रंगभूमि ने अपनी 10वीं सालगिरह पर आयोजित किया 'रंग यानिकी'

रायपुर/नवप्रदेश। सीता सा है मेरा चरित्र और उर्मिला सा है मेरा समर्पण। मेरा प्रेम, त्याग, किसी भी तरह कम नहीं। मैं मन दो धरी, इसलिए कहलाई मंदोदरी। इस बेहतरीन डायलॉग डिलीवरी के साथ रंजना ध्रुव ने मंदोदरी की व्यथा को इतनी संवेदनशीलता से मंच पर प्रस्तुत किया कि रंगप्रेमी दर्शक बस देखते ही रह गए। बात हो रही है सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रंगभूमि की 10वीं सालगिरह पर आयोजित कार्यक्रम रंग यानिकी की। इस मौके पर वरिष्ठ रंगसाधक आचार्य रंजन मोड़क के निर्देशन में हिंदी और छत्तीसगढ़ी में अपनी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्म से जुड़ी कविताओं व लघु नाटिकाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां हुई।

'मैं हूं शकुनि, क्योंकि जब मेरे स्वजनों को कुचला गया, तब मैंने धर्म की किताब पहनकर अपने बदलों की चालों में निपटा दिया। मेरी सबसे बड़ी जीत क्या थी? कौरवों की हार? पांडवों का विनाश? नहीं मेरी सबसे बड़ी जीत थी धर्म की भाषा बोलकर अधर्म करना।' चैतन्य मोड़क ने शकुनि के किरदार को इतनी जीवंतता से मंच पर उतारा कि लगा हमारे आसपास, समाज में ऐसे शकुनियों की कमी नहीं है। बिल्कुल इसी तीखे और आक्रामक अंदाज में सुषमा गायकवाड़ ने 'मैं हूं और मैं ही रहूंगी' की जानदार प्रस्तुति दी। सुषमा ने कहा कि लोग कहते है कि तुम राधा बनो, सीता बनो, मीरा बनो, तुम उर्मिला बनो, यशोधरा बनो, पर मैं हूं... मैं कोई और क्यों बनूं।

सुविचार

जिंदगी में कुछ सीखो या न सीखो लोगों को पहचानना जरूर सीखो क्योंकि लोग वैसे होते नहीं जैसे दिखते हैं।

पेट्रोलियम पदार्थों के मुल्य में वृद्धि

आखिरकार भारत में भी पेट्रोलियम पदार्थों के मुल्य में वृद्धि की नौबत आ ही गई। ईरान और अमेरिका के बीच पिछले 45 दिनों से चल रही तनातनी के कारण आधी दुनिया में तेल और गैस का संकट विकट रूप धारण कर चुका है लेकिन भारत में हालात काबू में रहे थे। लेकिन अब सरकार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में तीन रूपय लीटर तथा सीएनजी में दो रूपये की वृद्धि करनी पड़ गई। इस मूल्य वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा और पहले से ही आसमान पर चढ़ी महंगाई और परवान चढ़ेगी। हालांकि पेट्रोल और डीजल के मूल्य में सिर्फ तीन रूपये की वृद्धि की गई है लेकिन यह वृद्धि भी महंगाई की आग को भड़काएगी। पहले ही महंगाई में आम आदमी का जीना मुहाल कर रखा है और अब यात्री किराया तथा माल भाड़ा बढ़ जाने के कारण दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम भी आसमसन छुने लगेंगे। इसका तत्काल प्रभाव भी पड़ना शुरू हो गया है। दैनिक उपभोग की चीजों सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि होने लगी है। आगे चलकर हालात और भी खराब हो सकते हैं। सरकार को दाम बांधने के लिए तत्काल प्रभाव से कड़े कदम उठाने होंगे अन्यथा जमाखोर और मुनाफाखोर आपदा की इस घड़ी में अपने लिए अवसर तलाश लेंगे। केन्द्र सरकार के इस निर्णय को जनविरोधी करार देते हुए विपक्ष ने पेट्रोलियम पदार्थों के मुल्य में की गई वृद्धि की आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि महंगाई में नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता पर हंटर चलाया है और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होते ही उसमें हुए खर्च की वसूली के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिये हैं। अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है किन्तु सरकार ने इस बारे में अभी कोई स्पस्टीकरण नहीं दिया है। रही बात आम जनता की तो उसके लिए तो यह मूल्य वृद्धि दुबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में पेट्रोल डीलजल और रसोई गैस की पहले ही किल्लत मची हुई है। पेट्रोल पंपों पर लंबी लंबी कतारें लग रही है और अब ऊपर से इनके दाम भी बढ़ा दिये गये हैं। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित कृषि प्रधान भारत का कृषि क्षेत्र होगा। डीजल के दाम बढ़ने से ना सिर्फ सिंचाई के लिए किसानों को दिक्कत होगी बल्कि कृषि कार्य में उपयोग किये जाने वाले ट्रेक्टर और हारवेस्टर सहित अन्य डीजल चालित यंत्रों का उपयोग करना महंगा पड़ेगा। जाहिर है कृषि उत्पादन की लागत और बढ़ेगी। जिससे किसानों को भारी नुकसान होगा। किसान पहले ही रासायनिक खादों की कमी से जूझ रहे हैं और उन्हें बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। अब डीजल के महंगे होने से उनकी परेशानी में और इजाफा होगा। इसलिए सरकार को चाहिए कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध कराने की तत्काल व्यवस्था करें। ईरान और अमेरिका के बीच अभी तक समझौता वार्ता अधर में लटकी हुई है और इसके विफल होने पर मिडिल ईस्ट में जंग के हालात निर्मित होने की प्रबल संभावाना नजर आ रही है। यदि ऐसा हुआ तो भारत में भी दुनिया के अन्य देशों की तरह ही तेल और गैस का संकट विकराल रूप धारण कर सकता है तथा निकट भविष्य में पेट्रोल और डीजल के दाम और भी बढ़ सकते हैं। गौरतलब है कि चार साल के बाद पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गये हैं। सरकार का कहना है कि अभी भी तेल कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है 3 रूपये की वृद्धि के बावजूद तेल कंपनियों को प्रतिदिन 1000 करोड़ रूपये का घाटा सहन करना पड़ रहा है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जग के हालात निर्मित होते हैं और उसकी वजह से कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल आता है तो भारत में भी पेट्रोल और डीजल के दाम और ज्यादा बढ़ने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। इसलिए यह आवश्यक है कि निकट भविष्य में सामने आने वाली चुनौती से निपटने के लिए सरकार एक सुस्पष्ट नीति निर्धारित करें और उस पर युद्ध स्तर पर अमल करे क्योंकि भारत में 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात किया जाता है और उसके आयात की राह में बाधा खड़ी होती है तो उसका सीधा असर पेट्रोल और डीजल पर की कीमतों पर पड़ेगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

- भगवान श्री रामचंद्र का जीवन कितना पवित्र है क्योंकि इनके जीवन का हर काम गुरू की आज्ञा से होता है। ठाकुर जी एक कदम बढ़ावें तो पहले गुरू की आज्ञा लेंवे।
- ऋतु का भी बड़ा महत्व है जीवन में। अगर आपके आस-पास का वातावरण अच्छा हो, आपके आसपास में हरियाली हो, आपके आसपास में सुंदर खिले हुए फूल हो तो आपके हृदय में भी आनंद और प्रेम के कुसुम खिल जाते हैं।
- जहाँ निंदा रस में डूब जाओगे तो वहीं पर सीखने की प्रवृत्ति बंद हो जाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1769- ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए। 1975 - जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी। 1987 - सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लिया। 2000 - रूसी संसद के ऊपरी सदन फ़ेडरलिस्ट्स ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि की मंजूरी प्रदान की। 2002 - पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव क़ब्रिस्तान से बरामद। 2007 - भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू। 2008 - बिहार के परिवहन मंत्री रामानन्द प्रताप सिंह न नीतीश मंत्रीमण्डल से इस्तीफ़ा दिया। तालिबानी आतंकवादियों ने पाकिस्तान के राजदूत तारिक अजीजुद्दीन को रिहा किया। 2010 - भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए। बीजिंग ओलिंपिक के कांस्य विजेता विजेंद्र सिंह के अलावा दिनेश कुमार, परमजीत समोटा, अमनदीप, सुरंजॉय व जय भगवान ने अपने-अपने वर्ग का फाइनल जीता।

छत्तीसगढ़ भाजपा में बदलाव के मायने

छत्तीसगढ़ राज्य विधान सभा के अगले चुनाव के लिए करीब ढाई वर्ष शेष है. नये चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2028 में होंगे. भाजपा की चुनाव तैयारियां शुरू हो गई हैं. प्रदेश कार्य समिति व कोर कमेटी से कुछ पुराने वरिष्ठ सदस्यों को विदा कर नये व ऊर्जावान साथियों को शामिल किया गया है. ऐसा प्रतीत होता है कि केन्द्रीय नेतृत्व चुनाव के पूर्व अपेक्षाकृत नयी टीम को मैदान में उतारना चाहता है. फिलहाल जो बदलाव हुए हैं , वे चुनाव में उजली संभावनाओं को ध्यान में रखकर किए गए हैं. इस प्रक्रिया में विरोध व असंतोष की लहर का उठना स्वाभाविक है, पर फिलहाल उसकी गति मंद है.

दिवाकर मुक्तिबोध

कोर कमेटी से सात दिग्गज नेताओं पुन्नूलाल लाल मोहले, गौरीशंकर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, राम विचार नेताम, विक्रम उसेंडी, रेणुका सिंह व वर्तमान विधान सभा अध्यक्ष डॉक्टर रमनसिंह को बाहर कर दिया गया है. ये सभी अलग-अलग अवधि मे सरकार व संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है. इनके स्थान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, लता उसेंडी व शिवरतन शर्मा को लिया गया है. प्रदेश कार्य समिति में भी बदलाव किया गया है. 23 विधायकों को सदस्य नहीं बनाया गया जबकि परंपरागत रूप से पार्टी के सभी विधायक विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में कार्य समिति में रहते हैं. प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की नयी टीम में 14 मंत्री व 17 विधायकों को जगह दी गई है. विधान सभा में भाजपा विधायकों की कुल संख्या 54 है.

केन्द्रीय नेतृत्व के मिजाज व कार्यशैली को देखते हुए यह कोई आश्चर्यजनक घटना नहीं है. भाजपा प्रयोगधर्मी पार्टी है. पुराने व पके हुए नेताओं को मुख्य धारा से हटाने की प्रक्रिया पूर्व में अहिस्ता-अहिस्ता और अब कुछ तेज गति से शुरू है. पिछले दस वर्षों में चाहे संगठन के मामले हों या विधान सभा या लोकसभा चुनावों में प्रत्याशियों के चयन का मसला हो , पार्टी ने ऐसे-ऐसे नेताओं को टिकिट दी जिनकी राजनीतिक पहचान खास नहीं थी. नेतृत्व ने जोखिम भरे निर्णय लिए जो कभी गलत साबित नहीं हुए. यह अलग बात है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा और आरएसएस की जमीनी ताकत चुनावों में अपना असर दिखाती रही. लगभग तमाम चुनावों में प्रत्याशी नहीं पार्टी जीतती रही है. इसलिए अनेक मामूली से मामूली नेता भी सांसद व विधायक बन गए और कुछ को मंत्री बनने का भी सौभाग्य मिला. भाजपा की नीति बहुत स्पष्ट है. यहां नेता नहीं संगठन सर्वोपरि है इसलिए कोई भी जीत व्यक्ति की नहीं, पार्टी की मानी जाती है. इसलिए कठोर से कठोर निर्णय लेने में भी पार्टी आगे-पीछे नहीं देखती. छत्तीसगढ़ इसका ताजा उदाहरण है. छत्तीसगढ़ प्रदेश के मामले में राष्ट्रीय नेतृत्व की कथित सलाह पर प्रादेशिक नेतृत्व ने कोर कमेटी व कार्य समिति से वरिष्ठ नेताओं की छुट्टी करके स्पष्ट संकेत दिया है कि उनके सक्रिय राजनीति से रिटायर होने का वक्त आ गया है.

कोर कमेटी से हटाए गए रमनसिंह पंद्रह वर्षों तक मुख्य मंत्री रहने के बाद अब विधान सभा अध्यक्ष हैं. 2023 के विधान सभा चुनाव के दौरान काफी समय तक उनकी कोई खास पूछ-परख नहीं हुई थी. एक तरह से वे हाशिए पर थे. प्रारंभ में उन्हें चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों से बाहर ही रखा गया लेकिन नेतृत्व को इस बात का अहसास होते ही कि पूर्व मुख्य मंत्री की उपेक्षा पार्टी को भारी पड़ सकती है, उन्हें पुनः मुख्य धारा में लाया गया. भाजपा ने चुनाव जीता और रमनसिंह सिंह की वरिष्ठता को देखते हुए उन्हें 'एडजस्ट' किया गया. वे विधान सभा अध्यक्ष बना दिये गये. बहुत संभव है कि यह उनका आखिरी राजनीतिक सफर हो. उनकी उम्र तथा स्वास्थगत समस्याओं को देखते हुए नहीं लगता कि उन्हें अगले चुनाव की टिकिट दी जाएगी. अलबता यदि वे दिलचस्पी दिखाएं तो उन्हें किसी राज्य का राज्यपाल बनाया जा सकता है. चर्चा रही है कि 2018 के चुनाव में पार्टी की बुरी हार के बाद उन्हें इस आशय का प्रस्ताव दिया गया था जिसे उन्होंने मंजूर नहीं किया.

कोर कमेटी से जो अन्य नेता बाहर किये गए हैं, उनमें से बृजमोहन अग्रवाल को छोड़कर शेष की सक्रियता पर सवाल उठते रहे हैं. जिन विधायकों को कार्य समिति में स्थान नहीं मिला, वे भी हैरान परेशान हैं. उनके असंतोष की जो धीमी लहरें उठ रही हैं उसके विशेष मायने नहीं हैं लेकिन 'असंतुष्ट' बृजमोहन अग्रवाल का मामला सबसे अलग माना जा रहा है. यह बहुत स्पष्टतः नज़र आता रहा है कि रायपुर के सांसद पर केन्द्र विशेषकर मोदी मेहरबान नहीं है जबकि वे प्रदेश भाजपा के ताकतवर व खूब लोकप्रिय नेता हैं. चुनाव संचालन में बेजोड़ माना जाने वाले इस नेता को पार्टी का ट्रबल शूटर भी कहा जाता रहा है. यही नहीं हर कठिन परिस्थितियों में उन्होंने स्वयं को साबित भी किया. राज्य के अनेक उपचुनाव में पार्टी की जीत के पीछे बृजमोहन की रणनीति कारगर रही है. उन्हें संसदीय कार्यों का भी लंबा अनुभव है. वे मध्यप्रदेश के जमाने में और बाद में अलग बने छत्तीसगढ में लगातार विधान सभा सदस्य और महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे. बृजमोहन अग्रवाल के बढ़ते कद से जो विरोधी आतंकित रहे हैं उनमें डॉक्टर रमनसिंह का भी नाम लिया जाता है. उन्होंने अपने पन्द्रह वर्षों के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में बृजमोहन के पर कतरने शुरू किए. उनके मुकाबले में तब के अनुभवहीन मंत्री राजेश मूणत को खड़ा किया गया. उनकी पीठ खूब थपथपाई गई. मूणत ताकतवर मंत्री कहे जाने लगे किंतु तमाम कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद बृजमोहन की राजनीतिक सेहत पर फर्क नहीं पड़ा. न तो उनकी राजनीतिक सक्रियता घटी और न ही लोकप्रियता कम हुई.

फिर भी उनके खिलाफप्रयास जारी रहे. 2023 के विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद यद्यपि वे विष्णुदेव साय सरकार में शामिल कर लिए गए लेकिन पार्टी के केन्द्रीय प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश की राजनीति से दूर रखने का मन पक्का कर लिया था. मौका मिला छह माह बाद ही हुए 2024 के लोकसभा चुनाव का. उनकी अनिच्छा के बावजूद उन्हें रायपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से टिकिट दे दी गई. वे राष्ट्रीय कीर्तिमान के साथ चुनाव जीत गए. बृजमोहन सांसद जरूर बन गए हैं किन्तु प्रदेश की राजनीति में वैसे ही सक्रिय है जैसे विधायक व मंत्री रहते हुए थे. उनका मानना है कि विरोधी कितनी भी कोशिश कर लें, उनका कुछ नहीं बिगाड पाएंगे क्योंकि उनके पीछे जनता की ताकत है. कोर कमेटी में अब वे नहीं हैं किंतु प्रदेश की जनपक्षधरीय राजनीति में उनका दखल कायम है.

किंतु यह मान लेना चाहिए कि अब भाजपा में बृजमोहन की राजनीति ढलान पर है. यदि कोई चमत्कार हो जाए और देर-सबेर उन्हे केन्द्रीय मंत्रिमंडल में ले लिया जाए या कोई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे दी जाए तो बात अलग है लेकिन फिलहाल इसकी उम्मीद कम ही नज़र आती है. लेकिन पार्टी को इस तथ्य पर भी विचार करना होगा कि बृजमोहन जैसे वरिष्ठ व अनुभवी नेता को किनारे करने से चुनाव में पार्टी को कितना नुकसान हो सकता है.

बहरहाल कोर कमेटी व कार्य समिति से दिग्गज नेताओं को बाहर किए जाने के बाद सरकार व संगठन से नाराज असंतुष्टों की लंबी कतार बनती जा रही है. राज्य विधान सभा के अब तक के सत्रों में विष्णुदेव साय सरकार को दोहरे मोर्चे पर लड़ना पड़ रहा है. मुख्य विपक्ष कांग्रेस तो है ही, दूसरा उसका अपना प्रतिपक्ष है अर्थात अपनी ही सरकार से तल्ख सवाल करने वाले वे विधायक हैं जो असंतुष्ट खेमे का प्रतिनिधित्व करते हैं. अब सवाल है कि क्या केन्द्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश संगठन कथित असंतुष्टों की मिजाजपुर्सी करेगा? उन्हें शांत करने के लिए कोई मीठी या बहुत कडवी दवाई दी जाएगी ? भाजपा की राजनीति को देखते हुए कहा जा सकता है कि ऐसा कुछ नहीं होगा. कोई भी पार्टी से विद्रोह करने की स्थिति में नहीं है. लिहाज़ा चाय की प्याली में असंतोष का जो थोडा बहुत उबाल दिखाई पड़ रहा है वह कुछ समय में ही झाग की तरह अपने आप नीचे बैठ जाएगा. लेकिन यदि कार्यकताओं की पूछ-परख नहीं होगी, सत्ता व संगठन में उन्हें सम्मान नहीं मिला, सरकार से संबंधित छोटे-मोटे कार्यों के लिए भी उन्हें तरसाया गया तो जाहिर है असंतोष का लावा अंदर ही अंदर खदबदाता रहेगा और अवसर मिलते ही बाहर आ जाएगा. बीते ढाई वर्ष में साय सरकार व संगठन के कामकाज से ऐसी स्थिति धीरे-धीरे बनती जा रही है.

फिलहाल राज्य संगठन के संदर्भ में किसी महत्वपूर्ण घटनाक्रम की प्रतीक्षा है. राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन की कार्यकारिणी के शीघ्र गठन की उम्मीद की जा रही है. यह देखना दिलचस्प रहेगा कि संगठन प्रभारी महामंत्री पवन साय के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में जमकर कार्य करने वालों में से किसे राष्ट्रीय संगठन में काम करने का अवसर मिलेगा या केवल जबानी तारीफ ही चलती रहेगी ? जो भी हो पर यह स्पष्ट है कि साय सरकार स्वतंत्र नहीं है. सत्ता के वास्तविक सूत्र संगठन के चंद नेताओं के हाथ में है जिनमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पवन साय का नाम विशेष रूप से चर्चा में रहता है. बहरहाल 2028 का चुनाव भाजपा के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण रहेगा क्योंकि सरकार की कमजोरियां संगठन पर बोझ की तरह सवार रहेंगी.

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, यह आलेख उनकी फेसबुक वॉल से उनकी अनुमति से लिया गया है)

भाजपा के लिए जश्न का कम, सावधानी का वक्त ज्यादा है

बरुण सखाजी श्रीवास्तव, राजनीतिक विश्लेषक

बंगाल को चुनावी रूप से जीतकर भाजपा ने देशभर में यह सिद्ध कर दिया कि वह एक पेशेवर, समर्पित, लक्ष्य केंद्रित वैचारिक के साथ ही साथ चुनावी राजनीतिक दल है। बंगाल में 2021 से क्रमांक-2 की पार्टी बनी भाजपा का आज नहीं तो कल सत्ता में आना तय था, लेकिन स्थानीय स्तर पर सियासी विल पावर की पक्की, मजबूत इरादों वाली ममता के रहते यह आसान नहीं था। ममता बैनर्जी का एक चेहरा मुस्लिम परस्ती वाला है, लेकिन राजनीतिक स्तर पर देखें तो वह देश के चुनिंदा जन-नेताओं में शुमार हैं। इसलिए ममता की हार असल में ऐसी हार नहीं है, जिसे बंगाल से बेदखली के रूप में देखा जा सके। वह अब भी सीटों में जिधर भी हों, लेकिन वोट परसेंट में 40 के पार हैं। इसका अर्थ है आधा बंगाल अभी ममता का पैरोकार है। कह सकते हैं इसमें 20-22 परसेंट मुस्लिम होंगे, लेकिन अब भी भाजपा को शत-प्रतिशत हिंदुओं ने वोट नहीं दिया। जबकि ममता को सौ फीसद गैरहिंदुओं ने मिलकर वोट दिया और कुछ उदार हिंदुओं से भी डलवाया। यह काम सनातनी हिंदुओं के बसका नहीं है। वे खुद ही वोट दे दें यही बड़ी बात है। दूसरों से डलवाना तो भूल ही जाइए।

भाजपा अपने उरूज पर है। इस वक्त उसकी सोच का दायरा और बड़ा और ऊंचा होना चाहिए। बंगाल से गुजरात तक, हरियाणा से एमपी तक भाजपा के मुख्यमंत्री या उसके समर्थकों की सरकारें हैं, लेकिन सारे मुख्यमंत्री मोदी नहीं हैं, सारे प्रदेश अध्यक्ष अमित शाह नहीं हैं, सारी जनता हिंदू नहीं है। ऐसे में जरा भी गलत चयन भाजपा को फट्ट से नीचे ला सकता है। मंत्रिमंडल, विधायकों में जरा भी नकारात्मकता भाजपा की आलोचना शुरू करवा सकती है। कार्यकर्ताओं का व्यवहार असहज कर सकता है। इसलिए भाजपा के लिए यह जश्न का दिन तो है, लेकिन उससे ज्यादा सावधानी का कालखंड भी है।

भाजपा को हर मोर्चे, माहौल, मोड़ पर सावधानी से कदम उठाने होंगे। कमजोर मुख्यमंत्रियों के सहारे चल रहे कई सारे राज्यों पर पैनी नजर रखना होगी। मंत्रियों के मनमानेपन को भी आंकते रहना होगा। मोदी ने 2014 में राम-राम जपते हुए नहरें, सड़कें बनवाई हैं, जबकि मौजूदा भाजपा में ज्यादा संख्या सिर्फराम-राम जपने वालों की हो गई है, सड़क, नहर, नाली पर फोकस नहीं है। ऐसे में भाजपा को यह सदा ही समझना होगा कि वह किसी राज्य में या देश में एक-दो बार सरकारों में आकर ही बेफिक्र नहीं हो सकती। क्योंकि उसके काम का दायरा व्यक्ति, समय, कार्यकाल से ऊपर का है। उसके मंतव्यों को न एक व्यक्ति के सरकार में आने से पूरा किया जा सकता न किसी एक कार्यकाल से। भाजपा को चाहिए स्थायी सरकारों की ओर बढ़े, इसके लिए सावधानीपूर्वक व्यक्तियों का चयन हो, सावधानीपूर्वक हार-जीत का जश्न हो, सावधानीपूर्वक लेअर बाय लेअर काम और नाम हो। इसलिए यह वक्त जश्न से ज्यादा सावधानी का है। अपेक्षाओं को समझने का है। उपेक्षाओं से बचने का है। सत्ता एक बार मिलना गुस्सा है, दूसरी बार मिलना प्यार, तीसरी बार मिलना विश्वास है। मोदी सरकार अभी विश्वास के कालखंड में प्रवेश कर पाई है। चौथी बार मिलना अपेक्षा है, पांचवी बार मिला अपनापन, छठवीं बार आना जनता का अक्स दिखना है, सातवीं, आठवीं बार मिला अटूट प्रेम, विश्वास, अपेक्षा, अर्पण, समर्पण आदि सब है।

बंगाल के नतीजे गुस्से के नतीजे हैं, इन्हें प्यार में बदलने के लिए सुवेंदु को 2031 में जीतना होगा, उससे पहले 2029 में सारी सीटों पर भाजपा का झंडा लहरवाना होगा। हंसिए कि आप सत्ता में हैं, खुश होइये आप जीते हैं, डरिये मत आप आगे हैं, आशंका में मत जीइए आपके पास 46 परसेंट बंगाल है, किंतु सावधान रहिए क्योंकि भारतीय मानस जीत को ही मंजिल मान लेता है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हम वर्तमान को जीते कहाँ हैं, उसे भूतकाल में दोहराकर मुस्कुराते हैं पहले ऐसा थाज वैसा था कहते-कहते आज को कहीं पीछे छोड़ आते हैं। बीते पलों की धूप में हम सुकून तलाशते हैं, पर आज की छांव में बैठना अब तक नहीं सीख पाए हैं। अजीब विडंबना है जिस पल में सांस चल रही है, उसी पल को जीने से कतराते हैं, और जो बीत गया, उसे जी-जीकर खुद को बहलाते हैं। क्या हम यूँ ही भूतकाल की खिड़कियों से वर्तमान को मुस्कुराते देखते रहेंगे? या कभी ठहरकर आज को भी अपने होने का हक देंगे । - **सीमा नागर तुली**

बालमन के विचारों, इच्छाओं, भावनाओं, सपनों और कल्पनाओं को वाणी देते हुए एक 'बाल कुंडलिया संकलन' प्रकाशन की योजना है। बाल साहित्य से जुड़े कवि एवं कुंडलियाकार यदि अपनी चार-चार बाल कुंडलियाँ उपलब्ध करा सकें तो योजना साकार रूप ले सकती है। - **डॉ.बिपिन पाण्डेय**

कितना कुछ है जो मुझे कहना है ,बताना है, लिखना है किस्सों और कहानियों की शक्ल देनी है उस अनकहे को पर कभी वक्त नहीं होता और कभी हिम्मत नहीं होती।बस एक इन्तजार है सबकुछ मेरे पक्ष में आने का हो सकता है ये इंतजार अंतहीन हो पर सब्र करना तो सीखना पड़ता है और नहीं सीखो तो वक्त के थपेड़े सीखा देते हैं।।

- मीना सोनी

कुछ नए आगाज़ , कुछ नए परवाज़ जीने का है अंदाज़ , गुनगुनाते साज़ मौन और मन का सच बताता समय देकर गया आवाज़ , करता गया नाज़ ... कि बिना हार के जीत ,और जीत के बिना हार सोचो ज़रा कितनी है अधूरी ..!!

- नंदिता तनूजा

सुबह जब पेट्रोल डलवाने गया तो वहां दो सज्जन ऐसे मिले जिनकी बाइक में टंकी फूल थी ,मात्र आधा लीटर पेट्रोल की जगह थी,वह भी घंटों लाइन लगकर 50 और 100 का पेट्रोल डलवा रहे थे ,ताकि टंकी में उतनी भी जगह न रहे .. मैंने उनसे पूछा क्या कल दुनिया खत्म हो रही है ?! उसमें से एक बोला नहीं ,थोड़ी दूर जाना है ....- **अजय सरस्वती श्रीवास्तव**

इसी लिए समाज में अब वह सब दिखाई दे रहा है जिसकी द्यड्डद्यश्चठ्ठड्ड भी कभी नहीं की गई थी द्य महिलाओं को द्वड्डद्यश्शद्व है जो करो सब सही द्य वोट की गंदी महिला राजनीति ने सबकुछ एकतरफ़ा किया है द्य ड्ढद्मद्यड्डश्शश मीडिया भी चुप रहाता है द्य बस सवाल यही आखिर कब तक।

- एल.एस. बिष्ट

है किनारा क्यूं ख़फ़ा मंझधार से, इस तरह बैठे हो क्यूं बेज़ार से। तुम चरागों से मुहब्बत मत करो, ये हवाओं ने कहा है प्यार से । चेहरे पर झूठ का पर्दा न हो जैसे हो वैसे दिखो किरदार से। आस्मां को झुकना होगा,आज फिर, धरती ने उससे कहा अधिकार से। चांद दर्शन दे या ना दे दानी की , ईद होगी आपके दीदार से । आज जैसी चाहो जी लो ज़िन्दगी, कल तो जाना होगा इस संसार से। कोशिशों ही जीत की राहें, भले सामना हो बारहा हां हार से।

-डॉ संजय दानी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज किस्मत आपके अधूरे सपनों को पूरा करने के मूड में नजर आ रही है। रुके हुए काम पूरे होने से मन खुशी से भर जाएगा।

वृषः आज सेवा और दान-पुण्य के कामों में मन खूब लगेगा। पुराने साथी से मुलाकात बीती यादों को ताजा कर सकती है। वैवाहिक जीवन में चल रही दूरियां खत्म होकर रिश्तों में मिठास लौटेगी।

मिथुनः आज का दिन लाभ और खुशियों से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ बिताए गए रोमांटिक पल आपके रिश्ते को और मजबूत करेंगे। सेहत में सुधार आने से मन हल्का महसूस करेगा।

कर्कः आज तरक्की की नई राहें आपके सामने खुल सकती हैं। दोस्तों का सहयोग आपको हर मुश्किल से बाहर निकाल देगा। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की नई दस्तक दिल को खुश कर सकती है।

सिंहः आज कुछ उलझनें आपका ध्यान भटका सकती हैं, लेकिन धैर्य से काम लेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। लंबे समय से रुके कामों को पूरा करने का सही समय आ गया है।

कन्याः आज आय और खर्च के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी रहेगा। बढ़ते खर्च आपको थोड़ा परेशान कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से स्थिति संभल जाएगी। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को नया ऑफर मिल सकता है।

तुलाः आज आलस्य छोड़कर आगे बढ़ेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। जरूरत के हिसाब से खर्च करना ही समझदारी होगी, वरना बाद में आर्थिक दबाव महसूस हो सकता है। जीवनसाथी नौकरी के सिलसिले में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृश्चिकः आज कमाई और खुशियों दोनों में बढ़ोतरी होने के संकेत हैं। घर की सजावट या नई खरीदारी मन को उत्साहित करेगी। परिवार में चल रही।

धनुः आज सकारात्मक ऊर्जा आपके हर काम में दिखाई देगी। दोस्तों और परिवार का साथ आपको नई ताकत देगा। लंबी यात्रा की योजना बन सकती है, जो यादगार साबित होगी।

मकरः आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। समाज सेवा और परोपकार के कार्यों से आपकी छवि और निखरेगी। भाई-बहनों का सहयोग आपको हर कदम पर मिलेगा। पुरानी गलती से मिली सीख आज बड़ी परेशानी से बचा सकती है।

कुंभः आज का दिन थोड़ा संतुलन और धैर्य मांग सकता है। अचानक आए खर्च आपके बजट को बिगाड़ सकते हैं, इसलिए सोच-समझकर खर्च करें। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना परिवार में तनाव बढ़ा सकता है।

मीनः आज आर्थिक मामलों में भाग्य आपका पूरा साथ देगा। बिजनेस में अच्छी कमाई होने से मन प्रसन्न रहेगा और पार्टनरशिप भी शानदार चलेगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में भारत की सबसे बड़ी गोलाकार पत्थर की भूलभुलैया किस राज्य में खोजी गई है?

2) वांगछू हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी प्रोजेक्ट किस देश में स्थित है?

3) भारत का पहला राज्य कौन सा है जिसने आधिकारिक रूप से राज्य सूक्ष्मजीव घोषित करते हुए बैक्टीरिया बैसिलस सब्टिलिस को चुना है?

4) भारत में नेशनल स्टार्टअप डे हर साल किस दिन मनाया जाता है?

5) लक्षद्वीप के पास लेइओगैलाथिया समुद्रगिरि नामक स्काट लॉबस्टर की नई प्रजाति की खोज किस सरकारी पहल के तहत की गई थी?

उत्तरमाला- (1) तेलंगाना (2) भूटान (3) केरल (4) 16 जनवरी (5) डीप ओशन मिशन

पहेली

शब्द सामर्थ्य -041

(भगवान सिंह)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेकवाह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनीद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सीधे से उतारना, सावधान करना, प्रतीत करना 11. चारमर्यादा, सीमांत 14. पानी, आँसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. पुण्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निवासघर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलामी 13. कद्दा, गर्दी, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुपुत्र, भ्रात., सवेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 040 का हल

बिजली कटौती और अव्यवस्थाओं पर अस्पताल पहुंचे पूर्व विधायक, प्रबंधन को लगाई फटकार

मरीजों की परेशानी पर जताई नाराजगी, जल्द रोगी कल्याण समिति की बैठक बुलाने के निर्देश

अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने पर उठाए सवाल

नागदा। नवप्रदेश

सरकारी अस्पताल में लगातार हो रही बिजली कटौती और अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व विधायक ने शुक्रवार को अस्पताल का निरीक्षण किया। भाजपा पार्षदों के साथ पहुंचे पूर्व विधायक ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए बीएमओ तथा मेडिकल ऑफिसर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

निरीक्षण के दौरान ने कहा कि बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के चलते लगातार तीन दिनों तक घंटों

बिजली कटौती की गई, लेकिन अस्पताल प्रबंधन मरीजों और उनके परिजनों को राहत देने के लिए समुचित वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाया। भीषण गर्मी में मरीजों, परिजनों और अस्पताल स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस पर बीएमओ ने बताया कि अस्पताल में किराए के जनरेटर की व्यवस्था की गई थी। हालांकि पूर्व विधायक ने सवाल उठाया कि जब बिजली कटौती का शेड्यूल पहले से तय था तो मरीजों को तीन दिन तक परेशान क्यों होना पड़ा। बीएमओ ने रोगी कल्याण समिति के पास बजट की कमी का हवाला दिया।

पूर्व विधायक ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि जल्द ही रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की जाए और आवश्यक संसाधनों के लिए जनभागीदारी से सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके बाद ने एसडीएम से मुलाकात कर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में इलेक्ट्रिशियन द्वारा बंद पड़े पंखों को दुरुस्त करते हुए देखा गया। इस पर भी सवाल उठाए गए कि भीषण गर्मी के बावजूद अस्पताल प्रबंधन आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर क्यों नहीं रहा।

वहीं क्षेत्र की अन्य समस्याओं को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखने को मिली। नागरिकों ने आरोप लगाया कि अस्पताल, कृषि मंडी और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि जनप्रतिनिधि राजनीतिक गतिविधियों में व्यस्त हैं।

न्यूज गैलरी

रात्रिकालीन निरीक्षण में निगम आयुक्त ने परखी चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति

उज्जैन। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत शहर के आंतरिक मार्गों पर चल रहे चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा रात्रिकालीन

शिफ्ट में किया गया। निरीक्षण के दौरान खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तथा जूना सोमवारिया क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तक दोनों ओर नाली निर्माण कार्य एवं पेयजल पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में सड़क निर्माण का पीक्यूसी कार्य अंतिम चरण में प्रचलित है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि केडी गेट चौराहे की प्लानिंग के अनुरूप कार्य करते हुए केडी गेट से जूना सोमवारिया तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख एवं आंतरिक मार्गों का विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजन को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

शनिचरी अमावस्या के बाद त्रिवेणी घाट पर चला विशेष सफाई अभियान

उज्जैन। शनिचरी अमावस्या पर्व के समापन के बाद नगर निगम द्वारा त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर एवं घाट क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बाद घाट पर छोड़े गए मन्नत के कपड़े, जूते-चप्पल एवं अन्य सामग्री को संग्रहित कर पूरे क्षेत्र को पुनः स्वच्छ बनाया गया। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार शनिचरी अमावस्या के अवसर पर मंदिर परिसर एवं घाट क्षेत्र में व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा और भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मार्गों पर मिस्ट फैन (पानी के फव्वारे) लगाए गए, जिससे कतारों में लगे श्रद्धालुओं को राहत मिली। इसके साथ ही स्नान हेतु फव्वारों, वस्त्र परिवर्तन के लिए अलग चेंजिंग रूम, बड़े डस्टबिन, पानी के टैंकर और चलित शौचालयों की भी व्यवस्था की गई। नगर निगम द्वारा घाट क्षेत्र में विशेष सफाई व्यवस्था के लिए 90 से अधिक सफाई मित्रों को अलग-अलग शिफ्ट में तैनात किया गया था। स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक एवं दरोगाओं द्वारा लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की गई। शनिवार रात पर्व समाप्ति के बाद स्वास्थ्य विभाग ने रात्रिकालीन विशेष सफाई अभियान प्रारंभ किया, जो रविवार सुबह तक लगातार जारी रहा। सफाई अभियान के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत स्वरूप छोड़े गए कपड़े एवं जूते-चप्पलों को अलग-अलग संग्रहित किया गया। रविवार को जेसीबी मशीन की सहायता से इन सामग्रियों को डंपर एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ट्रांसफर स्टेशन भेजने की कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अनुपयोगी कपड़ों से फाइल कवर तथा जूते-चप्पलों से आरडीएफ (रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल) तैयार किया जाएगा। वहीं उपयोग योग्य कपड़े एवं जूते 3-आर केंद्र में सुरक्षित रखे जाएंगे, जिन्हें जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा।

सामाजिक कार्यकर्ता आकाश साहू मोदी सेना के प्रदेश सहायक प्रभारी नियुक्त

उज्जैन। सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय युवा कार्यकर्ता आकाश साहू को मोदी सेना द्वारा मध्यप्रदेश का सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द दग्दी द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गई। जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि आकाश साहू संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा

से निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने एवं नए सदस्यों को जोड़ने का कार्य करेंगे। संगठन ने उनसे प्रदेशभर में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की अपेक्षा जताई है। नियुक्ति के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द दग्दी ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दीं। वहीं आभार प्रदर्शन आशीष साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह, भूपेंद्र सोनी, महेश साहू, चिन्मय साहू, मोहन साहू, प्रहलाद साहू तथा विनीता हिंदू , कार्यालय प्रमुख विजय अमित एवं एडवोकेट बंटी गुरु सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

एमपीईबी ने उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु शुरू की सतत शिकायत निवारण व्यवस्था

विद्युत शिकायतों के लिए 24x7 जोनवार हेल्पलाइन नंबर जारी

एयरटेल और जियो से बीएसएनएल लैंडलाइन पर कॉल कनेक्ट नहीं होने की तकनीकी समस्या

उज्जैन। नवप्रदेश

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर के विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 24म7 शिकायत निवारण व्यवस्था संचालित की जा रही है। उज्जैन शहर के विभिन्न जोन कार्यालयों में विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं।

पूर्व शहर संभाग अंतर्गत महानंदा, महाश्वेता, कियोस्क और मकसी रोड जोन कार्यालयों में शिकायत दर्ज कराने हेतु अलग-अलग लैंडलाइन नंबर जारी किए गए हैं। वहीं पश्चिम शहर संभाग के वल्लभ नगर, खेड़ापति, नई सड़क, छत्री चौक एवं कार्तिक मेला जोन कार्यालयों में भी 24 घंटे सक्रिय शिकायत केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

जारी जानकारी के अनुसार इन नंबरों पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने, बिलिंग, मीटर खराबी, ट्रांसफार्मर संबंधी समस्या अथवा अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

एमपीईबी अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से एयरटेल एवं जियो मोबाइल नेटवर्क से बीएसएनएल लैंडलाइन नंबरों पर कॉल करने में तकनीकी समस्या आ रही है। कॉल करने पर उपभोक्ताओं को अपनी ही आवाज प्रतिध्वनि (इको) के रूप में सुनाई दे रही है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि कॉल रिसीव नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में संबंधित बीएसएनएल अधिकारियों से तकनीकी समस्या का शीघ्र समाधान करने की अपील की गई है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से शिकायत निवारण सुविधा उपलब्ध हो सके।

एमपीईबी अधिकारी जयेंद्र ठाकुर ने नागरिकों से अपील की है कि विद्युत संबंधी समस्या होने पर वे संबंधित जोन के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराएं।

उज्जैन में पहली बार सिंधी भाषा में श्रीमद्भागवत कथा, 101 कलशों के साथ निकली भव्य यात्रा

उज्जैन। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर रविवार को शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। विशेष बात यह रही कि उज्जैन में पहली बार सिंधी भाषा में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। समिति एवं पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि कथा में महाराज श्रद्धालुओं को सिंधी भाषा में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराएंगे। महाराष्ट्र के अमरावती स्थित शिव धारा आश्रम से पधारे हैं।

कलश यात्रा सिंधु भवन कल्याण एवं उत्थान समिति की भूमि विष्णु वाटिका से प्रारंभ होकर संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, जीवाजीगंज थाना के सामने स्थित कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा में 101 मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण कर संगीतमय वातावरण में नृत्य करते हुए सहभागिता की।

यात्रा का मार्ग में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। इनमें सहित कई संस्थाएं शामिल रहीं। कलश यात्रा में सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाजजन एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का संयोजन एवं ने किया। अंत में और ने आभार व्यक्त किया।

अतिक्रमण कवरेज के दौरान पत्रकार से अभद्रता, मोबाइल छीनने और धमकी देने का आरोप

उज्जैन। नागदा थाना क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की कवरेज करने गए एक पत्रकार के साथ अभद्रता, मोबाइल छीनने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पत्रकारों में नाराजगी व्याप्त है और मामले में कार्रवाई की मांग की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाल्या रोड स्थित एक कबाड़ दुकान पर नगर पालिका द्वारा दो दिन पूर्व अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था। इसी कार्रवाई की कवरेज करने पत्रकार राकेश कानूनगो मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि कवरेज के दौरान दुकान संचालक संतोष कबाड़ी ने कवरेज करने से रोकते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया, गाली-गलौज की तथा मोबाइल छीन लिया। पत्रकार के अनुसार उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई।

बताया जा रहा है कि घटना का घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। मामले की सूचना नागदा पुलिस को दी गई तथा पत्रकार एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई, लेकिन आरोप है कि पुलिस द्वारा अब तक मामला दर्ज नहीं किया गया।

घटना को लेकर पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। पत्रकार संगठनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। पत्रकार प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उज्जैन एसपी से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराएगा और उचित कार्रवाई की मांग करेगा।

सामूहिक विवाह के 17 नवदंपतियों को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने भेंट किए एलईडी टीवी

ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति के आयोजन में नवविवाहित जोड़ों को मिला गृहस्थी सामग्री का उपहार

उज्जैन। नवप्रदेश

ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 17 नवदंपति जोड़ों को उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की घोषणा के अनुरूप 32 इंच एलईडी टीवी भेंट किए गए।

एलईडी वितरण कार्यक्रम बिलेश्वर महादेव गार्डन, मुरलीपुरा में आयोजित हुआ।

समिति के सचिव ओकारलाल पांचाल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सामूहिक विवाह समारोह में ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति द्वारा सभी नवदंपतियों को बर्तन, गृहस्थी सामग्री एवं चांदी के आभूषण प्रदान किए गए। समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पांचाल के नेतृत्व में यह आयोजन संपन्न हुआ।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री जगदीश पांचाल के आतिथ्य में सभी 17 नवदंपति जोड़ों को एलईडी टीवी एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ग्रामीण पांचाल विश्वकर्मा कल्याण समिति द्वारा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की इस सौगात के लिए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही समिति द्वारा जगदीश पांचाल का साफा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात सामूहिक विवाह आयोजन में सहयोग देने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बाबूलाल पांचाल, कैलाश पांचाल, विष्णु प्रसाद पांचाल, रवि पांचाल, अशोक पांचाल, हरिकिशन पांचाल, सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष ईश्वरलाल पांचाल, सचिव मोहनलाल पांचाल, कोषाध्यक्ष राजेश पांचाल सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुर्गाशंकर पांचाल ने किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तराना में गौरीकुंड पर हुआ श्रमदान

उज्जैन। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड तराना के सेक्टर क्रमांक-1 में तिलकेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित प्राचीन गौरीकुंड बावड़ी पर स्वच्छता श्रमदान एवं जल संरक्षण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर बावड़ी की सफाई की। कार्यक्रम का आयोजन महंत मोहन भारती के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर महंत ओम भारती, महंत शिवानंद, सरस्वती स्वरूप भारती, सत्यनारायण शर्मा, जीवन सिंह पटेल, संदीप मालवीय तथा सुभाष जोशी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

अतिथियों ने जल संरक्षण, बढ़ते तापमान और पर्यावरण असंतुलन के खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल गंगा संवर्धन अभियान अत्यंत आवश्यक है।

उज्जैन-आगर-झालावाड़ रेल लाइन निर्माण को लेकर चला पोस्टकार्ड अभियान

सजग उज्जैन मंच ने रेल मंत्री को भेजे पोस्टकार्ड, शीघ्र निर्माण की मांग

उज्जैन। नवप्रदेश वर्षों से लंबित उज्जैन-आगर-झालावाड़ रेल लाइन के शीघ्र निर्माण की मांग को लेकर सजग उज्जैन मंच द्वारा पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। अभियान के तहत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पोस्टकार्ड लिखकर रेल लाइन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का आग्रह किया गया।

संस्था के उपाध्यक्ष आशीष चौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन, आगर एवं झालावाड़ क्षेत्र के विकास और यातायात सुविधा को ध्यान में रखते हुए लंबे समय से इस रेल परियोजना की मांग की जा रही है। अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण परियोजना की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया है।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. संजय नागर, महासचिव संतोष सुपेकर, सचिव सतीश मेहता सहित प्रदीप सरल, डॉ. प्रणव नागर, तरुण उपाध्याय, अशोक जोशी, सुमन नागर, रमेशचंद्र बड़गोत्या, पंडित जयराम तिवारी, प्रवीण सनोठिया, कृतिका सुपेकर, आशा मेहता, प्रदीप सिंह और नरेंद्र सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

हरसिद्धि चौराहे स्थित प्राचीन मंदिर में 21वां विशाल भंडारा और छप्पन भोग आयोजित; ढोल-नगाड़ों व जयकारों से गूंजा परिसर

खाटू श्याम स्वरूप में हुए शनिदेव के दर्शन, जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

उज्जैन। नवप्रदेश

हरसिद्धि चौराहे स्थित अति प्राचीन सूर्यपुत्र शनिदेव भगवान मंदिर में शनि जन्मोत्सव अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान शनिदेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया और उन्होंने भक्तों को खाटू श्याम स्वरूप में दर्शन दिए। जन्मोत्सव पर आयोजित महाआरती, छप्पन भोग और 21वें विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन एवं प्रसादी का लाभ लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और मंत्रोच्चार के बीच पूरा मंदिर परिसर जय शनिदेव महाराज, खाटू श्याम बाबा की जय और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

विशेष फलाहारी केक और छप्पन भोग का लगा भोग: मुख्य पुजारी ज्योतिषाचार्य पंडित कैलाशचंद जोशी तथा दिनेश जोशी, कृष्णकांत जोशी, राज

जोशी और निहाल जोशी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ। भगवान के जन्मोत्सव पर राजू नगर परिवार द्वारा विशेष फलाहारी केक और छप्पन भोग अर्पित किया गया। वहीं, विशाल भंडारे में नीलू वर्मा और जीनवाल परिवार ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। मंदिर से जुड़े सभी भक्तों ने आयोजन में तन-मन-धन से सहयोग दिया।

गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि हुए शामिल: इस धार्मिक आयोजन में संयुक्त ब्राह्मण सामाजिक कल्याण समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा भार्गव, अजय शंकर तिवारी, जिलाध्यक्ष आभास शर्मा व उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। साथ ही विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल से दर्शन परमार, केशव प्रखंड के अमन और उनकी टीम ने भी सहभागिता की। महाआरती में ज्योतिषाचार्य श्रवण अग्निहोत्री, मुकेश गुप्ता और शशांक ने भी प्रभु आराधना की। इसके अलावा पार्षद गब्बर भाटी, अशोक कायत, धन सिंह और बाबूलाल डाबी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने दर्शन लाभ लिया।

देर रात तक चला भजन और प्रसादी का दौर: कार्यक्रम में महाआरती का सुव्यवस्थित प्रबंधन पंडित शुभम पंचोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर पत्रकार कमल चौहान, रवि चंद्रवंशी, अशोक मालवी, धर्मेंद्र राठौर, मनोज उपाध्याय, शुभम परमार, कपिल तिवारी, लखन यादव, विमल बैंडवाल, पप्पू और रवि सहित अनेक मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे अब तक का सबसे भव्य आयोजन बताया। मंदिर में देर रात तक भजन, आरती और प्रसादी वितरण का सिलसिला चलता रहा।

निगम मुख्यालय से सतपुड़ा क्लब तक सायकल से सफर

महापौर निगमायुक्त ने सायकल चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

जबलपुर ।नवप्रदेश

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में संस्कारधानी जबलपुर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के उद्देश्य से रविवार सुबह शहर में भव्य स्वच्छता साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

नगर निगम मुख्यालय से सुबह 6-30 बजे शुरू हुई इस रैली का नेतृत्व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने किया। रैली का समापन सिविल लाइन स्थित सतपुड़ा क्लब के सामने हुआ, जहां नागरिकों में स्वच्छता को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

प्रधानमंत्री के स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए आयोजित इस रैली में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं साइकिल चलाकर ईंधन बचाने, प्रदूषण कम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने न केवल साइकिल रैली में भाग लिया, बल्कि समापन स्थल पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता श्रमदान भी किया। साथ ही शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग बनाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

न गंदगी करेंगे, न करने देंगे का लिया संकल्प..

रैली के समापन अवसर पर महापौर अन्नू ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जबलपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि हम सभी का घर है और इसे स्वच्छ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि सभी मिलकर यह संकल्प लें कि न स्वयं गंदगी करेंगे और न ही किसी अन्य को करने देंगे।

24 घंटे में बदलेगा समापन स्थल का स्वरूप...

महापौर ने बताया कि सिविल लाइन स्थित सतपुड़ा क्लब के सामने वाले क्षेत्र और रेलवे स्टेशन मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यहां आधुनिक लाइटिंग, हरियाली और आकर्षक पेंटिंग के माध्यम से क्षेत्र को नया स्वरूप दिया जाएगा।

नगर निगम ने 24 घंटे के भीतर स्थल का कायाकल्प करने की प्रतिबद्धता जताई है, ताकि शहर में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण का नया उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके।

न्यूज गैलरी

रंगदारी वसूलने मजदूर को बका मारा

जबलपुर। कुण्डम थाना अंतर्गत ग्राम सहजपुरी में काम करके लौट रहे मजदूर पर बका से हमला कर घायल कर दिया. आरोपी रंगदारी वसूलने की कोशिश कर रहे थे. कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय जयसिंह बागरी मजदूरी कर घर लौट रहा था. तभी रास्ते में मनोज साहिल झारिया ने रोककर शराब पीने के लिये 200 रुपये की मांग की, मना करने पर बका से हमला कर दिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296(ए), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

स्मृति दिवस : प्रखर पत्रकार थे पं. कुंजबिहारी पाठक

जबलपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. कुंजबिहारी पाठक ने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वरन उर्दू एवं हिंदी के विद्वान और प्रखर पत्रकार होने के नाते उन्होंने आम आदमी के हृदय में भी देश भक्ति की भावना भरकर उन्हें स्वतंत्रता आन्दोलन से जोड़ा । उपरोक्त आशय के विचार गोलबाजार स्थित अमर शहीद स्मृति मेला के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित पं. कुंजबिहारी पाठक स्मृति समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त किए । कार्यक्रम के मुख अतिथि कौशल्या गौंटिया थीं। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अंशुमन शुक्ला ने की।विशिष्ठ वक्ता जादूगर एस. के. निगम ने पाठक जी से जुड़े संस्मरण व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारिता के धर्म का पालन किया।लायन नरेंद्र जैन ने उनके साहित्यिक अवदान एवं कलम की प्रखरता पर चर्चा की। विक्रम परवार सहित कमलेश यादव,सुधा जायसवाल, संध्या जायसवाल, विमला श्रीवास्तव ने पाठक जी के चित्र के साथ अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विचार व्यक्त किये। अतिथियों का स्वागत ओ.पी.तिवारी, सुधीर पाठक,मधु पाठक, राजीव गुप्ता, रीता पाठक,प्रदीप जैन, भीम सिंह दीवान, अंजन कुमार आदि ने मोतियों की माला से किया।प्रारंभ में वरिष्ठ साहित्यकार प्रतुल श्रीवास्तव ने पाठक जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पाठक जी जैसी विभूतियों के जीवन दर्शन से वर्तमान पीढ़ी को शिक्षा लेने की आवश्यकता है।इस अवसर पर अवनी धनोप्या ने भक्ति गीत एवं गुंजन के कलाकारों ने लोक संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संचालन राजेश पाठक प्रवीण, आभार विजय जायसवाल एवं इंदिरा पाठक तिवारी ने व्यक्त किया।समारोह में गूँजनकला सदन, पाथेय संस्था की सहभागिता रही।

साहित्य, संगीत और सम्मान का संगम

जबलपुर । हिंदी लेखिका संघ, मध्य प्रदेश (जबलपुर इकाई) का वार्षिक महोत्सव अत्यंत गरिमामय वातावरण में कला वीथिका में सम्पन्न हुआ। गीतों की मधुर गूँज, नृत्य की थिरकन और साहित्यकारों के सम्मान से सजी इस शाम ने सांस्कृतिक गौरव को एक नई ऊँचाई प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। मुख्य अतिथि के डॉ. हरिशंकर दुबे एवं सारस्वत अतिथि के रूप में राजेश पाठक प्रवीण थे। विशिष्ट अतिथि कीर्ति अभिलाष पांडे,इंदिरा पाठक तिवारी ने भी विचार व्यक्त किये।वक्ताओं ने कहा कि महिला रचनाकरों ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए युगबोध का सृजन किया है।साइवर टीआई भावना तिवारी ने साइवर जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लालच में न आएं,भय से दूर रहें। संघ की वार्षिक पत्रिका वामा शिल्प तथा डॉ. कामना कौस्तुभ की कृति जीवन का कैनवास (लघुकथा संग्रह) का विमोचन अतिथियों के साथ लेखिका संघ के पदाधिकारियों ने किया।

विशिष्ट अलंकरण एवं सम्मान: संस्था द्वारा समाज और साहित्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया जिसमें डॉ. गायत्री तिवारी स्मृति सम्मान ई.अर्चना नायडू (भोपाल), डॉ. प्रार्थना अर्गल स्मृति सम्मान डॉ. भावना शुक्ल (नोएडा), बाल प्रतिभा सम्मान सुश्री यशिका ईशानी, चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सेवाओं हेतु डॉ.अपूर्वा तिवारी, अनामिका कुमारी, डॉ. रूपाली मित्तल एवं डॉ.शिव कुमार सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया।संस्था सलाहकार अर्चना मलैया ,अध्यक्ष डॉ. कामना कौस्तुभ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संघ की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कामना कौस्तुभ, डॉ. मुकुल तिवारी एवं उमा मिश्रा प्रीति ने संयुक्त रूप से किया। अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती अलका पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अर्चना मलैया (कार्यक्रम सलाहकार), सीमा बादल स्वामी (कोषाध्यक्ष),आशीष शुक्ला,कृष्णकांत दीक्षित,विवेक तिवारी,रश्मि पाठक, मोहिनी तिवारी,मनीषा गौतम, डॉ.आशा रानी,प्रीति नामदेव, तरुणा खरे, सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

पमरे के तीनों मंडलों में चला टिकिट चैकिंग अभियान

रेलवे ने 12 करोड़ 35 लाख जुर्माना वसूला

जबलपुर । नवप्रदेश

पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार जबलपुर भोपाल कोटा तीनों मंडलों में टिकिट चैकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान 12 करोड़ 35 लाख का जुर्माना वसूला गया. जो गत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है.

पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2026 में कुल 01 लाख 75 हजार मामलों में अनबुक्ड लगेज, बिना टिकट यात्रा तथा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। इनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 12 करोड़ 35 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। यह राशि पिछले वर्ष इसी अवधि में वसूले गए 10 करोड़

30 लाख रुपये के जुर्माने की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है।

मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड.... मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकिट जाँच अभियान में बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के 02 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनसे 18 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

जबलपुर मंडल.... टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 68 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनसे 05 करोड़ 20 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

भोपाल मंडल... टिकट जांच के दौरान 64 हजार प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे 04 करोड़ 60 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया गया।

कोटा मंडल... टिकट निरीक्षकों ने अभियान के दौरान 41 हजार प्रकरण पकड़े, जिनसे 02 करोड़ 37 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

रीवा इतवारी ट्रेन को स्लीमनाबाद में मिला स्टापेज

जबलपुर । रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक ट्रेन का स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया गया है। यह सुविधा 16 मई शनिवार से मिलने लगी हैं।

गाड़ी संख्या 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक (सोमवार, बुधवार एवं शनिवार) ट्रेन दिनांक 16 मई से स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात 19-51/19-52 बजे रुकने लगी है।

गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक (मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार) ट्रेन दिनांक 18 मई से स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय तड़के 04-44/04-45 बजे रहेगा।

पाटन में पुरानी रंजिश पर वारदात

दो पक्षों में खूनी संघर्ष पांच घायल

जबलपुर । नवप्रदेश

पाटन थाना अंतर्गत ग्राम राखी वरवटा में गत शनिवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया. जहां दोनों पक्षों से 5 लोग घायल हुये, घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया. घटना के संबंध में पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्षवर्धन पटेल के परिवार से अमित पटेल के परिवार की पुरानी रंजिश चली आ रही है। जिसके चलते बीती रात 9 बजे के लगभग अमित पटेल आया और घर के सामने खड़े होकर गाली गलौज करने लगा। शोर सुनकर हर्षवर्धन बाहर आया और गाली बकने से मना किया। जिसपर अमित ने धारदार हथियार से हर्षवर्धन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर हर्षवर्धन के पिता अश्वनी पटैल और चाचा विभाष पटेल बीच बचाव करने लगे तो उनके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा। वहीं अमित पटेल उम्र 35 वर्ष ने बताया कि वह घर पर था तभी बड़े पापा जगदीश पटेल का फोन लगाकर अपनी जमीन से नाली बनाने के लिये मना कर दिया। इसी बात को लेकर अश्वनी पटेल का लड़का हर्षवर्धन आकर गाली गलोज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर हर्षवर्धन ने धारदार हथियार निकालकर हमला कर दिया। इस बीच अश्वनी व विभाष पटेल ने भी लाठियों से हमला कर दिया। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर किए गए हमले में हर्षवर्धन व अमित के शरीर पर चोटें आई। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए, जिन्होने दोनों पक्षों के लोगों को अलग अलग किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर प्रकरण दर्ज कर लिया है। दोनो पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

भगवती मानव कल्याण संगठन ने शराब से भरा वाहन पकड़ा

दूधवाले से पहले पहुंच जाते हैं शराब माफिया के वाहन

जबलपुर । नवप्रदेश

थाना बेलखेड़ा क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने रविवार को एक बोलेरो वाहन पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। बताया गया है कि बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएच 0435 में करीब 10 पेटी अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था। संगठन के कार्यकर्ताओं ने वाहन को रोककर इसकी सूचना तत्काल बेलखेड़ा पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को वाहन एवं आरोपी मोनू भंडारी को सौंप दिया गया।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बेलखेड़ा कलारी से गांव-गांव अवैध शराब पहुंचाने का

काम लंबे समय से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह के समय जब कई गांवों में दूध सप्लाई तक नहीं पहुंच पाती, उससे पहले शराब माफियाओं की गाड़ियां गांवों में शराब पहुंचाने लगती हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। संगठन ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गांवों में हो रही सप्लाई पर रोक लगाई जाए।

जीसीएफ राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का गठन

जबलपुर। सिनियर क्लब जीसीएफ जबलपुर में एनडीजीबीजीओए के तत्वावधान में आयोजित राजपत्रित अधिकारियों के वार्षिक अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। अधिवेशन में महाप्रबंधक राहुल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने कैडर की महत्वपूर्णता एवं तकनीक दक्षता से सबको अवगत कराया साथ ही साथ एकजुट होकर निर्माणी हित में कार्य करने हेतु सभी कर्मचारियो से अपील की एवं आश्वासन दिया कि जेडब्लयूएम कैडर की समस्याओं को निर्माणी स्तर पर यथासंभव निवारण का प्रयास किया जाएगा एवं उन्होंने कैडर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रिश्तों के लिये साहू समाज का परिचय सम्मेलन

जबलपुर । नवप्रदेश

जिला साहू समाज जबलपुर साहू वैश्य नगर सभा एवं 'प्रयास' पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 17 मई 2026 को मानस भवन, राइट टाउन में भव्य साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं वैवाहिक पत्रिका 'प्रयास' का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम में शहर सहित ग्रामीण अंचलों से समाजबंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन के संयोजक पूर्व महापौर प्रभात साहू रहे। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक

प्रयास वैवाहिक पत्रिका का लोकार्पण

अभिलाष पांडे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भरतलाल साहू, राधेश्याम साहू, उदयभान साहू, भारत साहू, डॉ. निशा साहू, पूर्व पार्षद सुबोध साहू, डॉ. दीपक साहू,इज.प्रदीप साहू राजकुमार साहू 'रज्जू भैया', श्रीमती रजनी कैलाश साहू, श्रीमती अरुणा संजय साहू, राहुल साहू पार्षद, श्रीमती रजनी सुरेंद्र साहू पार्षद एवं श्रीमती नीतू आशीष साहू उपस्थित रहे।

सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच से आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय प्रस्तुत किया तथा पारिवारिक एवं सामाजिक जानकारी साझा की। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों परिवारों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा वैवाहिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन किया गया, जिसे समाज में वैवाहिक संबंधों को सुदृढ़ करने की सार्थक पहल बताया गया।

पूर्व महापौर प्रभात साहू ने कहा कि परिचय सम्मेलन केवल रिश्ते जोड़ने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को एकता के सूत्र में बांधने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संस्कारों को संरक्षित रखने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है।

गांव गांव किया घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर जागरुक

ग्राहक दक्षता फाउंडेशन का गांव परिसंवाद कार्यक्रम

जबलपुर। नवप्रदेश

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत निभौरा जनपद पंचायत पनागर, जिला जबलपुर मैं किया गया । जिसमें जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, जनपद पंचायत सदस्य राहुल रजक, सरपंच जागेश्वर केवट, पंच, ग्राम पंचायत सचिव अनुराग केवट अनीता केवट आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा देववती केवट एवं ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सोलंके एवं कार्यकारी अध्यक्ष शुभम रंगारी के आदेशानुसार गांव-गांव में जाकर जन जागरूकता के कार्यक्रम किए जा रहें है। इन कार्यक्रम में ग्रामवासियों को जगाने और जागरूक करने की दृष्टि से ग्राम में गांव परीसंवाद के माध्यम से फाउंडेशन द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर घरेलू गैस सिलेंडर का उचित उपयोग की जानकारी दी जा रही है घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग घर पर ही करें एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर व्यावसायिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग करें ।

कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । इसके बाद मंचासीन अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया । गांव परी संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जागेश्वर केवट, सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता जैसे कार्यक्रम कर गांव के लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर के प्रति जागरूक करना एक सराहनीय प्रयास है । विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार श्रीवास, सामाजिक कार्यकर्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर जैसे अति महत्वपूर्ण विषय को ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के द्वारा जन जागरूकता के माध्यम से जन-जन तक पहुंचा जा रहा है । गांव परी संवाद

कार्यक्रम के माध्यम से ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के प्रदेश प्रमुख संदीप गुप्ता ने महिलाओं को घरेलू गैस सिलिंडर के रिसाव से आग से बचाव की जानकारी दी इन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने वाली महिलाओं को आवश्यक एहतियात बरतने की जानकारी देते बताया कि रसोईघर में हमेशा गैस सिलेंडर सीधा खड़ा रखें व जलते हुए चूल्हे को स्टॉप वाल्व से बंद करें. वही रेगुलेटर का पाइप समय-समय पर साफ करते रहें ।

उज्ज्वला लाभार्थी पूरे 12 सिलेंडर नहीं ले रहे: फाउंडेशन द्वारा बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 2014 से अब तक लगभग 6.58 करोड़ लोगों को 100 रुपये शुल्क के साथ एलपीजी सिलेंडर दिया गया है और एलपीजी सिलेंडर की खरीद पर भारी छूट भी दी जा रही है। लेकिन अक्सर देखा जा रहा है कि उज्ज्वला लाभार्थी पूरे 12 सिलेंडर नहीं ले रहे हैं। वितरक इसका दुरुपयोग कर रहे हैं और अनुचित लाभ उठा रहे हैं।

सरकारी खजाने को पहुंच रहा करोड़ों रुपये का नुकसान

श्री गुप्ता जी ने बताया कि 14.2 किलो के घरेलू गैस सिलेंडर पर सरकार सिर्फ 5 फीसदी जीएसटी लगाती हैए जबकि 16 किलो और 5 किलो के कमर्शियल गैस सिलेंडर पर 18 फीसदी जीएसटी लगाती है। इसके अलावा ऑटो एलपीजी यानी गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी पर भी 18 फीसदी जीएसटी लगता है। इसलिए सरकार को एलपीजी सिलेंडर की बिक्री से हर साल करोड़ों रुपये का जीएसटी मिलता है।

सुरक्षा गीत भाई आया रे गैस सिलेंडर के समर्थन में ग्रामीणों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

समाज सेवा और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली संस्था ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने अपना तीसरे स्थापना दिवस के शुभ उपलक्ष्य में दक्षता की राय पुस्तक एवं जन जागृति गीत भाई आया रे गैस सिलेंडर का विमोचन किया इस गीत का उद्देश्य गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा उपभोक्ताओं को सिलेंडर का वजन जांचने लीकेज की जांच एक्सपायरी डेट की पुष्टि और सही बिलिंग के प्रति जागरूक करना है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त गीत को गैस वितरण करने में उपयोग की जाने वाली गाड़ियों में बजाया जाए।

गांव परी संवाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं ग्राम वासियों का आभार गजराज केवट उप सरपंच ने व्यक्त किया।

ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपए पर पहुंचा

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख शहरों में शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी सरकारी तेल कंपनियों द्वारा कीमतों में प्रति लीटर 3 रुपए से अधिक की नई वृद्धि की घोषणा के बाद हुई है। यह फैसला वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में हो रही वृद्धि और पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से जुड़ी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच लिया गया है।

इस बदलाव के बाद, हैदराबाद में पेट्रोल की कीमतें बढ़कर 110.89 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि तिरुवनंतपुरम में डीजल की दरें 99.63 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गईं।कीमतों में यह ताजा बढ़ोतरी मई 2022 के बाद ईंधन की कीमतों में पहला बड़ा बदलाव है। उस समय अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद पेट्रोल और डीजल की दरें ज्यादातर अपरिवर्तित रखी गई थीं। तेल विपणन कंपनियों ने इस बदलाव का मुख्य कारण कच्चे तेल की खरीद और रिफाइनिंग की

बढ़ती लागत से होने वाले बढ़ते नुकसान को बताया है।देश भर में पेट्रोल की कीमतों में 3 रुपए से लेकर 3.46 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई, जबकि राज्यों और स्थानीय टैक्स के आधार पर डीजल की कीमतें 3 रुपए से 3.56 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ गईं।राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमतें 3 रुपए बढ़कर 97.77 रुपए प्रति लीटर हो गईं, जबकि इसी तरह की बढ़ोतरी के बाद डीजल की कीमतें बढ़कर 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गईं।मुंबई के लोगों को अब पेट्रोल के लिए 106.64 रुपए प्रति लीटर देने होंगे, जिसमें 3.10 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, डीजल की कीमतें 3.11 रुपए बढ़कर 93.14 रुपए प्रति लीटर हो गई हैं।कोलकाता में पेट्रोल की कीमतें 108 रुपए के पार हो गई और 108.74 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई, जबकि डीजल की कीमत बढ़कर 95.13 रुपए प्रति लीटर हो गई। चेन्नई में ताजा बदलाव के बाद पेट्रोल की कीमतें बढ़कर 103.67 रुपए प्रति लीटर और डीजल की दरें बढ़कर 95.25 रुपए प्रति लीटर हो गईं।हैदराबाद में भारत के बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत सबसे ज्यादा बनी रही, जहां कीमतें 3.39 रुपए बढ़कर 110.89 रुपए प्रति लीटर हो गईं।शहर में डीजल की कीमतें भी बढ़कर 98.96 रुपए प्रति लीटर हो गईं।ईंधन की कीमतों के मामले में तिरुवनंतपुरम भी हैदराबाद के करीब रहा, जहां पेट्रोल की दरें 110.75 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गईं।केरल की राजधानी में डीजल की कीमतें 3.37 रुपए बढ़कर 99.63 रुपए प्रति लीटर हो गईं, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं।

अन्य बड़े शहरों में बेंगलुरु में कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। यहां पेट्रोल की कीमतें 3.25 रुपए बढ़कर 106.21 रुपए प्रति लीटर हो गई।

न्यूज गैलरी

आम आदमी की जेब पर फिर बढ़ेगा बोझ

नई दिल्ली। देश में महंगाई की मार झेल रही आम जनता को जल्द ही एक और बड़ा झटका लगने वाला है। शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये के इजाफे के बाद अब आगे भी राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले कुछ ही हफ्तों में पेट्रोल और डीजल के दामों में 10-10 रुपये प्रति लीटर तक की भारी बढ़ोतरी की जा सकती है। तेल कंपनियों की ओर से यह फैसला उनके लगातार बढ़ रहे घाटे की भरपाई के लिए लिया जा सकता है।एमके ग्लोबल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में दावा किया है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को मौजूदा घाटे से उबारने और उसे व्यवस्थित करने के लिए कीमतों में 10-10 रुपये का इजाफा करना लगभग तय है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि तेल के दामों में यह बड़ी बढ़ोतरी या तो एकमुश्त की जा सकती है, या फिर इसे अगले दो से तीन हफ्तों के भीतर लागू किया जा सकता है।लगातार बढ़ रही इन कीमतों का सीधा असर आम आदमी की रसोई और घरेलू बजट पर पड़ने वाला है। पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ घरेलू गैस सिलेंडर और दूध की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी के कारण आने वाले महीनों में खुदरा महंगाई दर में 0.42 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने भी इस बात की प्रबल आशंका जताई है कि ईंधन के महंगे होने से माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा, जिससे रोजमर्रा की हर जरूरी चीज महंगी हो जाएगी। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा समय में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को एक लीटर पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर 17 से 18 रुपये तक का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब केंद्र सरकार ने इसी साल मार्च के महीने में उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में 10-10 रुपये की कटौती कर राहत देने की कोशिश की थी। जानकारों का मानना है कि अगर जल्द ही कीमतों में पर्याप्त इजाफा नहीं किया गया, तो तेल कंपनियों को चालू तिमाही में 57,000 करोड़ रुपये से लेकर 58,000 करोड़ रुपये तक का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है।

कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते शेयर बाजार क्रैश, निवेशकों ने गंवाए 1.67 लाख करोड़

मुंबई। कमजोर वैश्विक बाजार संकेतों, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के कारण मुनाफावसूली की वजह से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार दिन के उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस तरह, घरेलू बाजार की दो दिन की लगातार बढ़त का सिलसिला शुक्रवार को समाप्त हो गया।बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 160.73 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 पर था, तो वहीं निफ्टी 50 46.10 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 23,643.50 पर पहुंच गया।दिन के दौरान, सेंसेक्स 75,497.10 पर खुलकर 75,870.36 का दिन का हाई छुआ तो वहीं 75,139.41 के इंट्रा-डे लो पर पहुंच गया। जबकि निफ्टी 50 23,731.40 पर खुलकर 23,839.30 के दिन के उच्चतम स्तर और 23,610.30 के निचले स्तर को छुआ।व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.45 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.61 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।सेक्टर के हिसाब से देखें तो निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी ऑयल एंड गैस में सबसे ज्यादा 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। वहीं, निफ्टी मीडिया (1.98 प्रतिशत की तेजी) और निफ्टी आईटी (1.30 प्रतिशत की तेजी) में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी फार्मा में भी अच्छी तेजी देखी गई, वहीं निफ्टी ऑटो में मामूली तेजी देखी गई।

सेबी ने 49 प्रतिशत से ज्यादा लीवरेज वाले इनविट्स के लिए उधारी नियमों में दी राहत

मुंबई। सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) ने इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (इनविट्स) के लिए उधारी नियमों में राहत दी। यह राहत उन इनविट्स के लिए है जिनका लीवरेज एसेट वैल्यू के 49 प्रतिशत से अधिक है। इस कदम का उद्देश्य इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए वित्तीय लचीलापन बढ़ाना और सेक्टर में फंडिंग की पहुंच को बेहतर बनाना है।

बाजार नियामक ने एक सर्कुलर में कहा कि अब इनविट्स को 49 प्रतिशत लीवरेज सीमा से ऊपर भी नई उधारी लेने की अनुमति होगी। यह कर्ज पूंजीगत खर्च के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा, ताकि परिसंपत्तियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाया जा सके या परियोजनाओं की क्षमता बढ़ाई जा सके।

नियामक ने सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं से जुड़े बड़े

रखरखाव खर्चों के लिए भी इनविट्स को अतिरिक्त कर्ज लेने की अनुमति दी है।

सर्कुलर के अनुसार, ऐसे खर्चों में वे गैर-रूटीन रखरखाव दायित्व शामिल होंगे, जो कंसेशन एग्रीमेंट के तहत जरूरी होते हैं।

सेबी ने कहा, बड़े रखरखाव खर्च का मतलब सड़क परियोजना के रखरखाव पर होने वाला ऐसा खर्च है, जो सामान्य रखरखाव का हिस्सा नहीं है और कंसेशन एग्रीमेंट में तय दायित्वों और आवश्यकताओं के अनुसार किया जाता है।

इस राहत से खासतौर पर सड़क क्षेत्र पर केंद्रित इनविट्स को फायदा मिलने की उम्मीद है, जिन्हें बड़े स्तर की मरम्मत और समय-समय पर रखरखाव कार्यों के लिए भारी फंडिंग की जरूरत होती है।सेबी ने इनविट्स, स्पेशल पर्पस व्हीकल्स और होल्डिंग कंपनियों को कुछ तय शर्तों के तहत मौजूदा कर्ज के पुनर्वित्तपोषण यानी रीफाइनेंसिंग की भी अनुमति दी है।

बाजार नियामक ने स्पष्ट किया कि रीफाइनेंसिंग केवल मूल कर्ज राशि तक सीमित होगी। इसमें जमा ब्याज, जुर्माना, फीस या अन्य किसी शुल्क को शामिल नहीं किया जा सकेगा।

सेबी ने कहा, रीफाइनेंसिंग केवल कर्ज के मूल हिस्से की होगी। यानी जमा ब्याज या किसी भी प्रकार के शुल्क को रीफाइनेंस नहीं किया जाएगा।卐

यह संशोधित ढांचा 17 अप्रैल 2026 को सेबी इनविट नियमों के रेगुलेशन 20(3)(बी)(द्वद्व) में किए गए संशोधनों के बाद लागू किया गया है। इन बदलावों के जरिए लीवरेज सीमा से ऊपर उधारी के उपयोग को व्यापक बनाया गया है।

सेबी ने कहा कि नए नियम तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं। इससे इनविट्स को इंफ्रास्ट्रक्चर परिसंपत्तियों को मजबूत करने और विस्तार परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में अधिक परिचालन लचीलापन मिलेगा।

महाराष्ट्र के लिए 8,368 करोड़ रुपए जारी किए

मुंबई। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के सतारा स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थी सम्मेलन एवं महा आवास अभियान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में 5 लाख पूर्ण ग्रामीण आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ किया, 5 लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपीं, और महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जयकुमार गोरे, पर्यटन, खननकर्म एवं माजी सैनिक कल्याण मंत्री तथा सतारा के पालकमंत्री शंभूराज देसाई, सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्रसिंह भोसले, मदद एवं पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव (पाटील), ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री योगेश कदम, तथा स्थानीय सांसद श्रीमंत छत्रपति उदयनराजे भोसले उपस्थित थे। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि देश में कोई भी गरीब कच्चे मकान में न रहे और प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक पक्की छत मिले। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने पीएमएवाई-जी के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य करते हुए रिकॉर्ड समय में 5 लाख आवास पूर्ण कर सुशासन, संवेदनशीलता और परिणामोन्मुख प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने महाराष्ट्र के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 हेतु 8,368.50 करोड़ रु. की केंद्रीय अंश सहायता जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य में ग्रामीण गरीबों के आवास निर्माण अभियान को और तेज करेगी तथा बेघर-मुक्त ग्रामीण महाराष्ट्र के संकल्प को मजबूत आधार देगी। चौहान ने यह भी कहा कि जिन पात्र परिवारों का नाम अब तक छूट गया है।

पाकिस्तानी क्रिकेटर ने जड़ा महिला टी20आई का सबसे तेज अर्धशतक

भारतीय बल्लेबाज का टूटा रिकॉर्ड

नईदिल्ली। पाकिस्तान महिला टीम के कप्तान फातिमा सना ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इतिहास रच दिया है. उन्होंने 15 गेंद में फिफ्टी जड़ कर महिला टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. सना ने ये उपलब्धि कराची में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे ञ्20द्ध मैच के दौरान हासिल की.इसके साथ 24 साल की सना ने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड और भारत की ऋचा घोष के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 18-18 गेंदों में अपनी फिफ्टी बनाई थी.सना की जबरदस्त पारी से पहले, टी20आई में किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 गेंदों में यह कारनामा किया था.इसके अलावा सना ने महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली. उन्होंने 2022 में वारविकशायर के लिए मैरी केली और इसी साल न्यूजीलैंड के सुपर स्मैश टूर्नामेंट में ओटागो के लिए लॉरा हैरिस की उपलब्धि की बराबरी की. मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. फातिमा सना सिर्फ 19 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रहीं. अपनी इस पारी में उन्होंने 10 चौके और दो छक्के लगाए।

मिचेल मार्श तीसरा आईपीएल शतक जड़ने से चूके

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (90) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 11 और चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 21 गेंदों में पूरा किया। उनकी पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स को मजबूत शुरुआत मिली और वह तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ी। इस पारी के लिए उन्हें

प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। लखनऊ सुपर जायंट्स को 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श और जोश इंग्लिश (36) की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में ही 86 रन जोड़ दिए। इसके बाद भी दोनों ने पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी निभाई। इससे पहले मार्श ने 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 38 गेंदों में 9 चौके और 7 छक्कों से 90 रन बनाकर आउट हुए। मार्श पावरप्ले के बाद 22 गेंदों पर 56 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके साथ ही वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पावरप्ले में चौथा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस सूची में इंग्लिश (77* बनाम चेन्नई सुपरकिंग्स, 2026) पहले, मार्श (60* बनाम एमआई, 2025) दूसरे, मार्श (58* बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 2026) तीसरे नंबर पर हैं।

3 इडियट्स 2 पर आमिर खान ने शुरू किया काम

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने जब से 3 इडियट्स 2 की पुष्टि की है, तब से फैंस इसके अपडेट के बारे में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब खबर आई है कि आमिर खान ने 2009 की फिल्म 3 इडियट्स के सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है.

बॉलीवुड के मेगास्टार आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 3 इडियट्स का सीक्वल आने की खबर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था. आईएएनएस को एक सूत्र ने बताया है कि आमिर खान ने 2009 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया है। यह प्रोजेक्ट अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है, और यह पक्का हो गया है कि ओरिजिनल तिकड़ी यानी आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में अपनी पुरानी भूमिकाएं दोहराते हुए नजर आएंगे।

आकाश ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ किया सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का प्रदर्शन

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए। ये खिलाड़ी आईपीएल 2026 में अपना पहला ही मुकाबला खेल रहा था। उनकी घातक गेंदबाजी के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स का शीर्षक्रम रन बनाने में पूरी तरह से विफल रहा। ऐसे में आइए इस खिलाड़ी के आंकड़े और करियर पर एक नजर डाल लेते हैं। आकाश ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 26 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 6.50 की रही। इस खिलाड़ी ने संजू सैमसन (20), रुतुराज गायकवाड़ (13) और खतरनाक उर्विल पटेल (6) को अपना शिकार बनाया। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के शीर्षक्रम के पहले 3 बल्लेबाजों को आउट किया। इससे चेन्नई सुपरकिंग्स को मैच में जोरदार शुरुआत नहीं मिल पाई।

कार्तिक ने जड़ा इस संस्करण में अपना दूसरा अर्धशतक

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 59वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाज कार्तिक शर्मा ने अर्धशतकीय पारी (71) खेली। ये उनके आईपीएल करियर का दूसरा ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 35 गेंदों में पूरा किया। इस संस्करण चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाड़ी का ये दूसरा पचासा रहा। उनकी शानदार पारी के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 187/5 का स्कोर बनाया। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर नजर डालते हैं। कार्तिक ने 42 गेंदों का सामना किया और 71 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 169.05 की रही। डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर इस खिलाड़ी ने 44 गेंदों में 70 रन की साझेदारी निभाई। इसके अलावा शिवम दुबे के साथ उन्होंने सिर्फ 8 गेंदों में 20 रन जोड़ दिए थे।

अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने मशहूर इंटरनेशनल डांस शो को कहा अलविदा

अमेरिकी मूल का मशहूर अंतरराष्ट्रीय डांस रियलिटी शो सो यू थिंक यू कैन डांस अपने 18 सीजन के बाद आधिकारिक तौर पर बंद होने जा रहा है। मंगलवार को अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने शो के खत्म होने का दुख जाहिर करते हुए एक पोस्ट शेयर की। दरअसल, अभिनेत्री लॉरेन ने सो यू थिंक यू कैन डांस सीजन 3 से प्रसिद्धि हासिल की थी, जिस वजह से यह शो उनके बेहद करीब है।

अभिनेत्री ने शो के दौरान का पुराना वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। अभिनेत्री ने शो के बंद होने को एक दौर का अंत बताया। उन्होंने लिखा, सो यू थिंक यू कैन डांस 18 सीजन के बाद खत्म हो गया है। साल

2007 में मैं शो में गई थी। उस समय मैं महज 18 साल की लड़की थी और एरिजोना से उस शो में डांस के लिए गई थी। तब मैंने सोचा भी नहीं था कि यह शो मेरी जिंदगी पूरी तरह से बदल देगा। मैं बस अपने सीजन का हिस्सा होने के बाद कई बार ऑल-स्टार सीजन्स में वापस आती रही थी। इतने सालों में यह शो मेरे लिए दूसरे घर जैसा था।

अभिनेत्री ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि यह शो उनके करियर को इतनी बड़ी दिशा देगा।

उन्होंने लिखा, यह शो उस समय पूरी दुनिया में देखा जाता था, जिस वजह से रेमो डिसूजा ने मुझे देखा और अपनी फिल्म एबीसीडी के लिए चुना और बस डांस की वजह से मेरी एक ग्लोबल यात्रा शुरू हो गई।

उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए लिखा, 19 साल बाद ऐसे पल आते हैं, जो दिल को छू लेते हैं। दो दिन पहले ही एक फ्लाइट अटेंडेंट ने मुझे रोककर कहा था कि सो यू थिंक यू कैन डांस के समय मैं उन्हें बहुत पसंद थी। डांस भाषा, सरहदों और हर उस दीवार से ऊपर होता है जो हमें अलग करने की कोशिश करती है।

डांस सीधे दिल तक पहुंचता है और यही काम इस शो ने दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ किया। उन्होंने शो से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, कास्ट, क्रू, कोरियोग्राफर्स, जजेस, हमारे माता-पिता और सभी फैंस, आप सभी का शुक्रिया। उन यादों और उन पलों के लिए धन्यवाद, जिन्होंने हमारी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी।

नई फिल्मों की भीड़ के बीच भी राजा शिवाजी ने 15वें दिन की अच्छी कमाई

ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म को रितेश देशमुख ने लिखा, निर्देशित किया और इसमें अभिनय भी किया है. फिल्म ने भारत में महज दो हफ्तों में 75 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अब ये तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं राजा शिवाजी ने रिलीज के तीसरे फ्राइडे यानी 15वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

राजा शिवाजी ने बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्तों तक गदर परफॉर्म किया है. इस दौरान टिकट खिड़की पर इस फिल्म की हुकूमत

देखी गई. लेकिन रिलीज के तीसरे हफ्ते में एंट्री करते ही इसे आयुष्मान खुराना की पति पत्नी और वो के अलावा संजय दत्त की आखिरी सवाल से मुकाबला करना पड़ा है. हालांकि ये नई फिल्में राजा शिवाजी का क्रेज कम नहीं कर पाई हैं इसी के साथ इस फिल्म ने 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे भी अच्छी कमाई की है.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो राजा शिवाजी ने पहले हफ्ते में 52.65 करोड़ की कमाई की थी. वहीं दूसरे हफ्ते इस फिल्म की कमाई 24.30 करोड़ रुपये रही है. अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक राजा शिवाजी ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को 1.45 करोड़ की कमाई की है।

कांबिंग गश्त में 205 वारंट तामील, जिले में रात 9 बजे से 2 बजे तक चला अभियान

जबलपुर । नवप्रदेश

जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। यह अभियान 16 मई 2026 की रात 9 बजे से 17 मई 2026 की रात 2 बजे तक शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ संचालित किया गया।

अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। जिले के सभी थाना प्रभारियों, एसडीओपी एवं पुलिस अधिकारियों की टीमों ने शहर और देहात क्षेत्रों में दबिश देकर कई वर्षों से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गठित विशेष टीमों में थाना प्रभारी स्वयं शामिल रहे, जबकि अन्य टीमों का नेतृत्व उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों ने किया।

कांबिंग गश्त के दौरान कुल 205 वारंट तामील किए गए। इनमें 106 गैर म्यादी वारंट, 55 गिरफ्तारी वारंट तथा 44 जमानती वारंट शामिल हैं। पुलिस के अनुसार अधिकांश आरोपी लंबे समय से फरार थे और लगातार ठिकाने बदलकर कानून से बचने का प्रयास कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि जिले में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना और कानून का पालन सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। कांबिंग गश्त के दौरान सक्रिय गुंडे-बदमाशों की भी जांच की गई। देर रात घूमने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

न्यूज गैलरी

कार की टक्कर से दो घायल

जबलपुर। मझौली थानांतर्गत कल शाम लगभग 7 बजे बचैया मेनरोड ग्राम मोहनिया बगीचा के समीप पेड़ के पास खड़े होकर बातें कर रहे दो लोगों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में घायलों को इलाज के लिए जबलपुर भिजवाया गया है। भीड़ जुटती देख कार चालक भाग गया। मझौली पुलिस ने बताया कि ग्राम बेलखाडू कटंगी निवासी इरशाद अंसारी टेंट लगाने का काम करता है। अपने भाई शहजाद के साथ में काम करने वाले कमल रैदास आसिफ अंसारी के साथ ग्राम बिछिया से टेंट का सामान लोडिंग वाहन में रख कर ग्राम बेलखाडू जा रहा था। शाम लगभग 7 बजे सभी बचैया मेन रोड ग्राम मोहनिया बगीचा के पास पहुंचे तो गाड़ी रोक कर सभी निस्तार कर वहीं पेड़ के पास खड़े होकर बातें करने लगे। तभी बचैया तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 एफ ए 6016 के चालक ने तेज गति से लापरवाही से चलाते हुए पेड़ के पास खड़े शहजाद व कमल को टक्कर मार दी।

खड़ी कार से टकराया ट्रक, महिला घायल

जबलपुर। खमरिया थानांतर्गत कल दोपहर लगभग 12.45 बजे अमझर घाटी खमरिया रोड पर किनारे खड़ी कार को कुण्डम तरफ से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए पीछे से ठोंक दिया। टक्कर से जहां कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कार में बैठी एक महिला के जबड़े में चोट आई है। खमरिया पुलिस ने बताया कि साकेत नगर डिंडौरी निवासी आशुतोष श्रीवास्तव कार एसेसरीज का कारोबार करते हैं। कल सुबह लगभग 10.30 बजे वे अपनी आर्रिगा कार क्रमांक एमपी 20 जेड एल 6699 से अपनी बहन आयुषी श्रीवास्तव व जीजा दीपेन्द्र राठौर को डिंडौरी से जबलपुर रेलवे स्टेशन लेकर जा रहा था। दोपहर लगभग 12.45 बजे अमझर घाटी खमरिया पहुंचा। सडक़ किनारे कार खड़ी कर आशुतोष कार से उतरा। तभी उसके हाथ से मोबाइल नीचे गिर गया। वह मोबाइल उठाने लगा। तभी कुण्डम की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एल 6165 के चालक ने लापरवाही से तेज गति से चलाते हुए खड़ी कार को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में जहां कार क्षतिग्रस्त हो गई वहीं कार में बैठी आशुतोष की बहन आयुषी श्रीवास्तव के जबड़े में चोट आई है।

आटो की टक्कर से बाईक सवार दो घायल

जबलपुर। कटंगी थानांतर्गत कल दोपहर 12.30 बजे मेनरोड ग्राम थूहा में एक तेज रफ्तार आटो के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवकों को टक्कर मार दी। घटना मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को गिरने से हाथ, पैरों में चोटे आई हैं। जिनमें मोटरसाइकिल चालक को ज्यादा चोटें आने के कारण इलाज के लिए कटंगी अस्पताल भिजवाया गया है। कटंगी पुलिस ने बताया कि ग्राम थूहा निवासी नीलेश ठाकुर कल दोपहर लगभग 12.30 बजे अपने साथी पवन लोधी के साथ मोटरसाइकिल से कटंगी सामान लेने जा रहे थे। मोटरसाइकिल पवन लोधी चला रहा था। दोनों जैसे ही मेनरोड ग्राम थूहा पहुंचे। तभी सामने से आ रही आटो क्रमांक एमपी 20 एक्स वी 4809 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पवन की गाड़ी में टक्कर मार दी। घटना में गाड़ी से गिरने से पवन व नीलेश को चोटें आई थी। पवन को ज्यादा चोट लगने से उसे इलाज के लिए कटंगी अस्पताल भिजवाया गया।

साज जबलपुरी स्मृति काव्य संध्या आज

जबलपुर । वर्तिका संस्था के तत्वावधान में आज 18 मई को सायं 7ः00 बजे से गोलबाजार मुक्ताकाशी रंगमंच में स्वर्गीय साज जबलपुरी स्मृति में काव्यांजलि समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि जादूगर एस के निगम एवं अध्यक्षता प्रतुल श्रीवास्तव करेंगे । वर्तिका के संयोजक विजय नेमा अनुज, अध्यक्ष संतोष नेमा एवं दिशा दर्शक राजेश पाठक प्रवीण ने सहित्यानुरागियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

एल्गिन हास्पिटल से ई रिक्शा चोरी

जबलपुर । सिविल लाईन थाना अंतर्गत एल्गिन अस्पताल के बाहर खड़ा ईरिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गये. पुलिस के मुताबिक भानतलैया निवासी मोहम्मद शेरू किराये पर ईरिक्शा लेकर चलाता है. कल दोपहर 12 .45 बजे परिजनों का इलाज कराने वह एल्गिन अस्पताल पहुंचा. करीब 45 मिनट बाद अस्पताल से बाहर आया तो उसका ई रिक्शा गायब था. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

साले ने जीजा को राड मारी

जबलपुर । हनुमानताल थाना अंतर्गत कब्रस्तान गेट के पास एक युवक ने अपने बहनोई पर लोहे की राड से हमला कर दिया. हनुमानताल पुलिस के मुताबिक मंडी मदार टेकरी निवासी मोहम्मद फहीम का अपनी पत्नी से विवाद होने के बाद वह कब्रस्तान गेट के पास टहलने चला गया. इसी बीच सूचना मिलने पर उसका साला निजाम वहां पहुंचा और अपने जीजा से मारपीट करने लगा. इसी दौरान उसने लोहे की राड पाईप से उसपर हमला कर दिया. रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सेवा, संस्कार एवं संगठन विस्तार पर चर्चा

भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला

जबलपुर। नवप्रदेश

भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला लक्ष्य सिद्धि का आयोजन होटल समदड़िया इन, जबलपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन भारत विकास परिषद जबलपुर मुख्य शाखा द्वारा किया गया, जिसमें महाकौशल प्रांत की विभिन्न शाखाओं से लगभग 50 सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में रीजनल संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल, मुख्य अतिथि अखिलेश जैन कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी एवं महाकौशल प्रांत अध्यक्ष इंजी. रामकृष्ण चौकसे की विशेष उपस्थिति रही। मंच पर जबलपुर शाखा अध्यक्ष डॉ. श्रीमती रिशा पांडे, शाखा सचिव श्रीमती मौली जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती रुचि पालीवाल तथा महिला सहभागिता मार्गदर्शन हेतु श्रीमती सरोज चौकसे उपस्थित रहीं। कार्यशाला का संचालन डॉ नीलेश पांडे द्वारा प्रभावी एवं आकर्षक ढंग से किया गया।

मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश अध्यक्ष अखिलेश जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजनीति में आने से पूर्व वे स्वयं भारत विकास परिषद के सक्रिय सदस्य एवं जबलपुर शाखा के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को समाजसेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यशाला में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर संचालित विभिन्न प्रकल्पों, संगठनात्मक योजनाओं एवं सेवा कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। परिषद की पंच सूत्रीय कार्यपद्धति – संस्कार, सेवा, संपर्क, सहयोग एवं समर्पण – को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।

प्रांतीय स्तर से नितिन पालीवाल, जितेंद्र कुलकर्णी, शैलेंद्र जेठा, श्रीमती सरोज चौकसे, सचिंद्र गुप्ता, डॉ. यू एस बी गौर एवं पंकज स्वदेशी उपस्थित रहे। महिला सहभागिता में रीजनल महिला प्रमुख श्रीमती भारती कोराव एवं प्रांतीय महिला प्रमुख श्रीमती अर्चना सोनी की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमन पांडे, श्रीमती लता तिवस्कर, सुभाष तिवस्कर, धर्मेंद्र कुशवाहा सहित सभी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

सिवनी हवाला कांड

निलंबित एसडीओपी पूजा पांडे ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

जबलपुर । नवप्रदेश

बहुचर्चित हवाला डकैती कांड में मुख्य आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनकी जमानत याचिका पर 18 मई को सुनवाई प्रस्तावित है।

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई सूची में यह मामला दसवें नंबर पर रखा गया है। वहीं इस मामले में आरोपी एसआई अर्पित भैरम को अब तक अदालत से कोई राहत नहीं मिली है।

यह पूरा मामला सिवनी जिले के खैरीटेक क्षेत्र में हुई कथित हवाला रकम की डकैती से जुड़ा है, जिसने प्रदेशभर में सनसनी फैला दी थी। आरोप है कि वारदात को पुलिस वर्दी और हथियारों का इस्तेमाल करते हुए सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था और उच्चस्तरीय जांच शुरू की गई थी। जानकारी के अनुसार, इस प्रकरण में शामिल अधिकांश आरोपियों को पहले ही जबलपुर हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। वहीं दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर भी निरस्त हो चुकी है। हालांकि मुख्य आरोपी तत्कालीन एसडीओपी पूजा पांडे और एसआई अर्पित भैरम को अब तक अदालत से राहत नहीं मिल पाई है।

कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि मामला अत्यधिक चर्चित होने और इसमें पुलिस अधिकारियों की कथित संलिप्तता के चलते अदालत अब तक सख्त रुख अपनाए हुए है। वहीं डकैती से जुड़ी अधिकांश रकम पुलिस मालखाने में जमा कराए जाने के कारण सामान्य परिस्थितियों में जमानत मिलने की संभावना मानी जा रही है।

इस मामले ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। घटना के बाद राज्य स्तर पर विशेष जांच टीम गठित की गई थी, जिसने कई पुलिसकर्मियों से पूछताछ की और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए। अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट की आगामी सुनवाई पर टिकी हैं कि मुख्य आरोपी पूजा पांडे को इस मामले में राहत मिलती है या नहीं।

राज्यकर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा मांगपत्र- स्वास्थ्य बीमा पदोन्नति की मांग उठाई

जबलपुर । मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संरक्षक योगेन्द्र दुबे के नेतृत्व में सांसद आशीष दुबे से कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा की गई , कर्मचारियों की संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठकें कलेक्टर कार्यालय में आयोजित नहीं हो रही है बैठकें आयोजित करवाई जाएं। मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना के आदेश जारी करवाने प्रदेश शासन को पत्र लिखा जाए , विभागीय स्तर पर समस्त विभागों में पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं शासकीय कर्मचारियों के शासकीय आवासो का नवीनीकरण किया जाए , शासकीय कार्यालय के बंद होने पर जिले के शासकीय कर्मचारियों को जिले के कार्यालयों में ही पदस्थ करने का मांग पत्र दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा विगत दिनों प्रदेश के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना का लाभ देने घोषणा की गई है लेकिन आज भी लाभ देने के आदेश जारी नहीं हो पाए है। सांसद आशीष दुबे ने कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया है कि मांग पत्र को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भेजकर सहानुभूति पूर्वक कार्यवाही का लेख करेंगे। जिले के कलेक्टर को भी लेख करने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान योगेन्द्र दुबे , जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी,आलोक अग्निहोत्री, अर्जुन सोमवंशी ,सुशील गुप्ता, राजाराम डेहरिया, एस पी बाथरे, बीरेंद्र चंदेल आदि मौजूद थे।

किसानों की समस्याओं पर बैठक आज

जबलपुर । किसानों की विभिन्न8 समस्याबओं पर चर्चा करने किसान संघों के पदाधिकारियों तथा कृषि से जुड़े विभागों के अधिकारियों की संयुक्तो बैठक अब सोमवार 18 मई की शाम 5 बजे कलेक्टयर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। पूर्व में इस बैठक का आयोजन गुरूवार 14 मई को किया जाना तय किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थइगित कर दिया गया। कलेक्ट1र राघवेन्द्रन सिंह के निर्देशानुसार सोमवार 18 मई को शाम 5 बजे आयोजित इस बैठक में गेहूं उपार्जनए उर्वरक की उपलब्ध ता एवं नहरों से सिचाई की व्यसवस्थार पर विस्ताआर से विचार विमर्श होगा। बैठक मां संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्य क जानकारी के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिये गये हैं।

विश्व रक्तचाप दिवस पर लगा निःशुल्क स्वास्थ्य महाशिविर

जबलपुर। नवप्रदेश

विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा जनस्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तचाप परीक्षण महाशिविर का आयोजन चिकित्सा प्रकोष्ठ संभागीय कार्यालय त्रिवेदी डेंटल क्लिनिक, राइट टाउन, जबलपुर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विशाल बघेल के निर्देशन, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्विनी कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन एवं जिला संयोजक डॉ विवेक जैन के सहयोग से किया गया।

शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ हर्ष रेड्डी द्वारा 154 से अधिक मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। शिविर में लिपिड प्रोफाइल यूरिक एसिड रेंडम ब्लड शुगर जैसी महत्वपूर्ण जांचों,उचित सलाह एवं दवाइया भी प्रदान की गई, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों को उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूक करते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार, व्यायाम एवं तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

शिविर को सफल बनाने में चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डॉ सचिन बुधौलिया, डॉ अमरीश पांडे, डॉ अनंत त्रिवेदी, डॉ शुभम अवस्थी, आशीष वर्मा, शशांक शर्मा, प्रमोद गोहलानी एवं करण बर्मन सहित समस्त सहयोगियों की सराहनीय भूमिका रही।

आज से 22 मई भरे जाएंगे नामांकन

जल उपभोक्ता संस्थाओं के निर्वाचन की अधिसूचना जारी

जबलपुर। नवप्रदेश

रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना के अंतर्गत पाटनए शहपुराए पनागर एवं गोरखपुर तहसील की सभी 30 जल उपभोक्ता संस्थाओं के अध्यक्ष एवं प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों के निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

जारी अधिसूचना के अनुसार जल उपभोक्ता संस्थाओं के अध्य क्षों एवं प्रदेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्य र्थी नाम निर्देशन पत्र 18 मई से 22 मई तक संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे। मतदान 05 जून को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपन्न कराया जाएगा। निर्विरोध निर्वाचन परिणामों की घोषणा 28 मई को तथा मतदान परिणामों की घोषणा 08 जून को की जाएगी।

कार्यपालन यंत्री संगीता दिवारकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रानी अवंती बाई लोधी सागरए बांयी तट नहर संभाग क्रमांक.2ए बरगी हिल्सए जबलपुर के कार्यक्षेत्र में जबलपुर जिले की तहसील पाटनए शहपुराए पनागर एवं गोरखपुर में लगभग 60 हजार हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में सिंचाई प्रबंधन एवं कृषकों के साथ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से 30 जल उपभोक्ता संस्थाएं गठित की गई हैं। इन संस्थाओं के माध्यम से 360 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्य एवं 30 अध्यक्ष कृषकों के साथ समन्वय स्थापित कर सिंचाई जल का समुचित बंटवारा सुनिश्चित किया जाता हैं।

वर्तमान में इन 30 जल उपभोक्ता संस्थाओं के 248 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों एवं 30 अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम को अनुमोदित कर दिया गया है तथा निर्वाचन कार्य के संचालन हेतु 11 मई को अधिसूचना जारी कर दी गई है। उक्त अधिसूचना तहसील पाटनए शहपुराए पनागर एवं गोरखपुर के कमाण्ड क्षेत्र अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। कार्यपालन यंत्री ने संबंधित क्षेत्र के कृषकों एवं आमजन से निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

220 केवी ट्रांसमिशन लाइन में ट्रिपिंग का कारण दूर

जबलपुर । नवप्रदेश

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के दमोह संभाग द्वारा 220 केवी दमोह-टीकमगढ़ ट्रांसमिशन लाइन में हुई ट्रिपिंग की जांच हेतु विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया।

जांच में पाया गया कि जबलपुर नाका क्षेत्र में एक मकान की छत पर बन रही बाउंड्री एवं छज्जा ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित सुरक्षा कारीडोर के अत्यधिक निकट आ गया था, जिससे ट्रिपिंग की स्थिति उत्पन्न हुई। कार्यपालन अभियंता एस.के. मुड़ा के मार्गदर्शन में टीम ने संबंधित व्यक्ति को सुरक्षा मानकों की जानकारी देकर सहमति से निर्माण का खतरनाक हिस्सा हटवाया, जिससे लाइन को सुरक्षित दूरी उपलब्ध कराई जा सकी और संभावित हादसा टल गया।

एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि दमोह शहर में लगभग 15 ऐसे निर्माण चिन्हित किए गए हैं, जो ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में आते हैं। संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

132 केवी लाइन के दोनों ओर 27 मीटर तथा 220 केवी लाइन के लिए 35 मीटर का सुरक्षा कारीडोर निर्धारित है, जिसके भीतर निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुदित एवं फ्लैट नंबर 402 कौशल्या विहार, नेपियर टाउन, 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर)।